# मेट्रो Rays

आगे रखने का वादा

सांध्य दैनिक

रांची, शनिवार, 04 जनवरी 2025

संवत 2081, पौष शुक्ल 5- मूल्य 2 रुपये

वर्ष-8, अंक 119 , पृष्ठ-8, RNI No.-JHAHIN/2017/75028





4 ▸▸ प्रयागराज के महाकुंभ नगर में सुविधाओं का संगम

श्रेया चौधरी ने की अपने फिटनेस यात्रा के बारे में खुलकर बात ◂◂ 6


### पंडरा में 13 लाख की लूट मामला

# महिला सहित चार अपराधी गिरफ्तार

मेट्रो रेज

**रांची :** राजधानी रांची के पंडरा में 13 लाख की लूट मामले में पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। एसएसपी चंदन सिन्हा के निर्देश पर कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोय के नेतृत्व में गठित एसआईटी की टीम ने रांची और रामगढ़ से एक महिला सहित कुल चार अपराधियों को गिरफ्तार किया है। वहीं घटना में शामिल दो अन्य अपराधियों की तलाश में पुलिस संभावित ठिकानों पर छापेमारी कर रही है। पुलिस जल्द ही पूरे मामले का प्रेस कॉन्फ्रेंस कर खुलासा करेगी।

अपराधी 13 लाख लूटकर भागे और गोली भी चलायीः दरअसल बीते 30 दिसंबर को ओटीसी मैदान के पास स्थित आईसीआईसीआई बैंक के समीप से तीन अपराधियों ने दिन-दहाड़े आशीर्वाद आटा के कैशियर सुमित गुप्ता से 13 लाख लूटकर भाग गये थे। पहले तो अपराधियों ने पैसे लूटने की नीयत से उस पर हमला किया। यह देखकर बगल में बैठे सुमित कुमार नाम का एक युवक बचाने पहुंचा। लेकिन अपराधियों ने पकड़े जाने के डर से उसे गोली मार दी थी। इसके बाद पुलिस ने घटना में शामिल अपराधियों का फोटो जारी कर उस पर 20 हजार रुपए के इनाम की भी घोषणा की थी।



## अपराधियों ने दिनदहाड़े युवक को मारी गोली

### फ्लावर डेकोरेशन का काम करता था युवक

**साहिबगंज :** जिरवाबाड़ी थाना क्षेत्र के पशुपालन कार्यालय के मुख्य सड़क के नजदीक दिनदहाड़े अज्ञात अपराधियों ने फूल डेकोरेशन करने वाले दिलीप तांती के पुत्र नवल कुमार उर्फ बड़कु को गोली मारकर मौत के घाट उतार दिया। जानकारी देते हुए मृत युवक के बड़े भाई गौतम कुमार ने बताया बीते एक घंटा पूर्व मेरे भाई के मोबाइल पर एक व्यक्ति का फोन आया। जिसे मेरे भाई ने कहा कि चाचा मैं थोड़ी देर में आ रहा हूं उसी के बाद या घटना हुई ।



## न्यूक्लियर साइंटिस्ट आर चिदंबरम का निधन



**नई दिल्ली :** पोखरण परमाणु परिक्षण में अहम भूमिका निभाने वाले देश के पूर्व प्रमुख वैज्ञानिक सलाहकार डॉ. राजगोपाल चिदंबरम का शनिवार को निधन हो गया है। उन्होंने 88 वर्ष की उम्र में अंतिम सांस ली। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, चिदंबरम ने शनिवार तड़के तीन बजकर 20 मिनट पर मुंबई के जसलोक अस्पताल में अंतिम सांस ली। चिदंबरम का जन्म 11 नवंबर, 1936 को चेन्नई में हुआ था। उन्हें भारत के परमाणु हथियार कार्यक्रम में अहम भूमिका के लिए जाना जाता है। उन्होंने पोखरण-क (1975) और पोखरण-2 (1998) के परमाणु परिक्षणों में अहम भूमिका निभाई थी। चिदंबरम को साल 1975 और साल 1999 में पद्म श्री और पद्म विभूषण से सम्मानित किया गया था। पोखरण परमाणु परीक्षणों के मुख्य वास्तुकार ने 1974 में बॉम्बे से पोखरण तक प्लूटोनियम ले जाने वाले सैन्य ट्रक में यात्रा की। इंडिया राइजिंग मेमोयर ऑफ ए साइंटिस्ट में उन्होंने इसका खुलासा किया कि यह कार्यक्रम 1974 और 1998 के बीच गुप्त रखा गया था।

> पोखरण परमाणु परीक्षणों में निभाई थी अहम भूमिका

### सिडनी टेस्ट से बाहर होने पर रोहित शर्मा ने तोड़ी चुप्पी, कहा-

# मैं कही नहीं जा रहा हूं

एजेंसी

**नई दिल्ली :** भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान रोहित शर्मा को सिडनी में भारत बनाम ऑस्ट्रेलिया पांचवें टेस्ट में टीम में जगह नहीं मिली है। इसके बाद से लगातार रोहित शर्मा की टीम में जगह को लेकर कई तरह की चर्चाएं हो रही है। टीम में रोहित शर्मा के शामिल होने को लेकर काफी बवाल मचा हुआ है। इन सभी चर्चाओं के बीच रोहित शर्मा ने टीम से बाहर होने को लेकर चुप्पी तोड़ी है।

भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने कहा कि खराब फॉर्म के कारण उन्होंने मैच से बाहर होने का फैसला किया है। इस कारण ये अटकलें लगाई गई कि ये उनके टेस्ट करियर का अंत है। गौरतलब है कि भारतीय टीम ने बीते पांच महीनों से अधिक समय से कोई टेस्ट मैच नहीं खेला है। ऐसे में 38 वर्षीय रोहित शर्मा के लिए समय भी बीत रहा है। वहीं इस बार ऑस्ट्रेलिया में हुए टेस्ट मैच सीरीज में पांच पारियों के दौरान रोहित शर्मा के बल्ले से सिर्फ 31 रन निकले है, जिससे खुद रोहित ही आहत है। उन्होंने क्रिकेट से हटने का निर्णय लिया।

स्टार स्पोर्ट्स को दिए एक इंटरव्यू में रोहित शर्मा ने कहा कि मैंने अभी टीम छोड़ी हैं मैं यही कहूंगा। कोच और सिलेक्टर्स के साथ बात आसान थी क्योंकि मेरे बल्ले से रन नहीं निकल रहे थे। फॉर्म में नहीं होने के कारण अहम मैच में ये कदम उठाया गया है। टीम के लिए अभी जीत महत्वपूर्ण है। कोई खराब फॉर्म का खिलाड़ी मैदान में नहीं है। उन्होंने मेरे फैसला का समर्थन किया जिसे स्वीकार करना खुद मेरे लिए भी मुश्किल था।

रोहित शर्मा ने कहा कि काफी समय से इस पर विचार चल रहा था। यहां आने के बाद यह फैसला लिया गया। मेलबर्न के बाद नए साल का दिन था। उस दिन मैं कोच और सिलेक्टर्स को इस बारे में नहीं बताना चाहता था। मैं कोशिश कर रहा था लेकिन रन नहीं बना पा रहा था। स्थिति को देखते हुए और टीम के लिए मेरे लिए इस मैच से हट जाना जरूरी था।



### संन्यास पर भी बोले रोहित शर्मा

मैच से हटने के साथ ही रोहित शर्मा के संन्यास की चर्चा भी तेजी से होने लगी थी। रोहित ने अपने संन्यास के बारे में भी स्पष्ट किया। उनके आराम करने के फैसले के बाद सुनील गावस्कर ने कहा कि यह 'रोहित शर्मा का टेस्ट में आखिरी टेस्ट हो सकता है' यहां तक कि रवि शास्त्री ने भी इसी तरह की राय दी। हालांकि, रोहित ने पुष्टि की है कि वह कहीं नहीं जा रहे हैं। उन्होंने कहा, मैं इस बात पर विश्वास नहीं करता कि पांच महीने बाद क्या होगा। मैं वर्तमान पर ध्यान देना चाहता हूं। यह फैसला संन्यास का फैसला नहीं है। मैं खेल से दूर नहीं जा रहा हूं। लेकिन, इस मैच के लिए मैं बाहर हूं क्योंकि मैं बल्ले से रन नहीं बना पा रहा हूं। इस बात की कोई गारंटी नहीं है कि पांच महीने बाद मैं रन नहीं बना पाऊंगा। हर दिन जिंदगी बदलती है। मुझे खुद पर विश्वास है। रोहित शर्मा ने कहा कि मैंने यह खेल इतने लंबे समय तक खेला है। कोई भी बाहरी व्यक्ति यह तय नहीं कर सकता कि मुझे कब जाना चाहिए, कब बाहर बैठना चाहिए या टीम का नेतृत्व करना चाहिए। मैं समझदार हूँ, परिपक्व हूँ, दो बच्चों का पिता हूँ। मैं जानता हूँ कि मुझे जीवन में क्या चाहिए।

### पूरे उत्तर भारत में सर्दी का सितम

## दिल्ली एयरपोर्ट पर फ्लाइट संचालन प्रभावित, रोड पर वाहनों की थमी रफ्तार

एजेंसी

**नई दिल्ली :** देश की राजधानी समेत पूरे उत्तर भारत में कड़ाके की सर्दी पड़ रही है। दिल्ली-एनसीआर में शनिवार तड़के से ही घना कोहरा छाया हुआ है। विजिबिलिटी बहुत कम होने के कारण रोड पर वाहनों की रफ्तार थम गई है और इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे (आईजीआई) पर फ्लाइट संचालन बुरी तरह से प्रभावित हुआ है। दिल्ली एयरपोर्ट ने शनिवार सुबह सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में कहा, दिल्ली हवाई अड्डे पर लैंडिंग और टेक ऑफ जारी रहने के बावजूद, कैट-3 मानकों का पालन न करने वाली उड़ानें प्रभावित हो सकती हैं। यात्रियों से अनुरोध है कि वे उड़ान संबंधी अपडेट जानकारी के लिए संबंधित एयरलाइन से संपर्क करें। किसी भी असुविधा के लिए हमें गहरा खेद है।

### धुंध का कहर : पलटी हुई कार देख रही थी भीड़ पीछे से आ रहा ट्रक लोगों पर चढ़ा, 4 की मौत

**उकलाना :** हरियाणा में हिसार-चंडीगढ़ नेशनल हाईवे पर धुंध के कारण एक कार डिवाइडर से टकराकर पलट गई। इसी कार में पीछे से आयी गाड़ी भी टकरा गई। ये देखने के लिए वहां लोगों की भीड़ इकट्?ठी हो गई। इसी दौरान पीछे से आ रहा एक ट्रक लोगों पर चढ़ गया जिसमें 4 लोगों की मौत हो गई। वहीं इस हादसे में 4 लोग घायल हो गए। हादसा आज सुबह करीब 8 बजे उकलाना के सूरेवाला चौक पर हुआ। घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और आगे मामले की जांच की जा रही है। पुलिस ने राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया। घायलों को बरवाला और हिसार के अस्पताल में भेजा गया। ट्रक के ड्राइवर को लोगों ने शीशा तोड़कर बाहर निकाला। इसके बाद सड़क से ट्रक को हटाया गया। वहीं 2 मृतकों के शव बरवाला के सरकारी अस्पताल में भेजे गए हैं। जिनकी अभी तक पहचान नहीं हो पाई है।



# चीन में तेजी से फैला एचएमपीवी वायरस, हाई अलर्ट पर भारत सरकार

एजेंसी

**नई दिल्ली :** लगभग पांच साल पहले यानी साल 2019 में कोरोना वायरस ने पूरी दुनिया को हिला कर रख दिया था, जिससे लाखों लोगों की मौत हुई और कई देशों को लंबे समय तक इसके प्रभावों का सामना करना पड़ा। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने इसे महामारी घोषित किया था। इस महामारी की शुरूआत चीन से हुई थी और अब एक बार फिर चीन में एक नया वायरस फैल रहा है, जिसने चिंता बढ़ा दी है। चीन में ह्यूमन मेटान्यूमोवायरस (एचएमपीवी) के मामलों में तेज वृद्धि हो रही है। सोशल मीडिया पर साझा किए गए वीडियो और रिपोर्ट्स के अनुसार, चीन के कुछ क्षेत्रों में इमरजेंसी तक घोषित कर दी गई है।



### वायरस से किन लोगों को ज्यादा खतरा है?

वैसे तो हर उम्र के लोग इस वायरस से प्रभावित हो सकते हैं, लेकिन सबसे ज्यादा खतरा छोटे बच्चों, बुजुर्गों और कमजोर इम्यून सिस्टम वाले व्यक्तियों को है। ऐसे लोगों को विशेष रूप से सावधान रहने की सलाह दी गई है।

### क्या है ह्यूमन मेटान्यूमोवायरस?

ह्यूमन मेटान्यूमोवायरस एक सांस संबंधी वायरस है, जिसे पहली बार 2001 में पहचाना गया था। यह वायरस छोटे बच्चों, बुजुर्गों और कमजोर इम्यूनिटी वाले लोगों पर विशेष रूप से असर डालता है। हाल ही में चीन में इस वायरस के मामलों में वृद्धि देखी गई है। हालांकि चीन में कुल कितने मामले सामने आए हैं, इस पर कोई आधिकारिक जानकारी उपलब्ध नहीं है। लेकिन जापान में 15 दिसंबर को समाप्त हुए सप्ताह में 94,000 से अधिक मामले दर्ज किए गए और अब तक वहां कुल 7,18,000 मामले सामने आ चुके हैं।

**वायरस के लक्षण:** एचएमपीवी के लक्षण सामान्य फ्लू और कोरोना वायरस जैसे ही हैं। इनमें खांसी, बुखार, नाक बंद होना और सांस लेने में परेशानी जैसे लक्षण शामिल हैं। गंभीर मामलों में यह वायरस ब्रोंकाइटिस या निमोनिया का कारण बन सकता है। वायरस से संक्रमित व्यक्ति आमतौर पर 3-6 दिनों तक बीमार रह सकता है। यह वायरस खांसने, छींकने या सीधे संपर्क में आने से फैलता है।

**चीनी वायरस पर भारत सरकार अलर्ट :** चीन में इस वायरस के फैलने के बाद भारत सरकार भी सतर्क हो गई है। राष्ट्रीय रोग नियंत्रण केंद्र (एनसीडीसी) ने श्वसन संबंधी और मौसमी बीमारियों पर करीबी निगरानी शुरू कर दी है। सरकारी सूत्रों ने कहा है कि स्थिति पर बारीकी से नजर रखी जा रही है और जैसे ही पुख्ता जानकारी मिलती है, जरूरी कदम उठाए जाएंगे।

### महाकुंभ 2025 में हो रहा विशेष आयोजन

# 5.51 करोड़ रुद्राक्ष, 11,000 त्रिशूल से होगा द्वादश ज्योतिर्लिंग का भव्य श्रृंगार

एजेंसी

**प्रयागराज :** प्रयागराज के मेला क्षेत्र के सेक्टर-छह स्थित बजरंगदास मार्ग पर मौनी बाबा का भव्य शिविर तैयार हो रहा है। यहां 5.51 करोड़ रुद्राक्ष और 11,000 त्रिशूल से द्वादश ज्योतिर्लिंग का भव्य श्रृंगार किया जाएगा। इसके साथ ही 108 हवन कुंड में 125 करोड़ आहुति और 11 करोड़ वैदिक मंत्र से संगम नगरी गुंजायमान होगी। गौरीगंज, अमेठी से आए बाल ब्रह्मचारी स्वामी अभय चैतन्य फलाहारी उर्फ मौनी बाबा महाराज बताते हैं, महाकुंभ भव्य और आस्था से परिपूर्ण हो, इस संकल्प के साथ 10,000 गांवों की पैदल यात्रा कर-के यहां आए हैं। भारत को हिंदू राष्ट्र बनाने की संकल्प को लेकर विशेष यज्ञ की भी तैयारी है।

बाबा ने बताया कि शिविर में बनाए जा रहे द्वादश ज्योतिर्लिंग का 5.51 करोड़ रुद्राक्ष और 11,000 त्रिशूल से भव्य श्रृंगार किया जाएगा। यहां 108 हवन कुंड बनाए जा रहे हैं। इसमें सवा करोड़ दीपक जलाए जाएंगे। 13 जनवरी को प्रथम स्नान पर वह शिविर से लेटते हुए संगम स्नान करने जाएंगे। उधर, शिविर में बनी त्रिशूल की दीवारें और बोरियों में रखे गए रुद्राक्ष की मालाएं लोगों के लिए आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। रास्ते से गुजरने वाले शिविर की भव्यता को देखकर सेल्फी लेने से खुद को रोक नहीं पा रहे हैं। पहली बार जंक्शन पर तैनात किये गये कोरस कमांडोः आतंकी पुन्नू की गीदड़ भभकी के बाद प्रयागराज जंक्शन पर पहली बार कोरस कमांडो तैनात किए गए हैं। शुक्रवार को आरपीएफ के महानिरीक्षक अमिय नंदन सिन्हा ने जंक्शन पर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। आईजी आरपीएफ ने निरीक्षण के दौरान स्टेशन के सभी प्रवेश द्वारों, प्लेटफॉर्म, फुट ओवर ब्रिज, सिटी साइड और सिविल लाइंस साइड की व्यवस्थाओं को परखा। जंक्शन पर 1100 आरपीएफ कर्मियों को तैनात किया गया है।




### 2025 का आधिकारिक एक्स अकाउंट सस्पेंड

महाकुंभ 2025 का आधिकारिक एक्स अकाउंट शुक्रवार दोपहर अचानक सस्पेंड कर दिया गया। इसके बाद से अकाउंट खोलने पर महाकुंभ संबंधी सभी अपडेट भी गायब हो गए। चर्चा अकाउंट हैक होने की भी रही, लेकिन इसकी पुष्टि नहीं हो सकी।ß

### धार्मिक-सामाजिक-आर्थिक पहलुओं और जल-मौसम-कूड़े पर करेंगे शोध

महाकुंभ मेले के दौरान शोध के क्षेत्र में भी नए आयाम स्थापित होंगे। संगम जल, मौसम, आयोजन के धार्मिक, सामाजिक, आर्थिक समेत अन्य पहलुओं पर अध्ययन होंगे, साथ ही डाटा बेस तैयार किए जाएंगे। इसके लिए मेला प्रशासन और संस्थाओं के बीच समझौते हुए हैं। कूड़े और उसके दुष्प्रभाव पर बंगलूरू विवि कर रहा अध्ययन मेला क्षेत्र से निकलने वाले कचरे एवं सीवेज के अलावा उनके निस्तारण की व्यवस्था का हिसाब रखा जाएगा। क्षेत्र के अलावा आसपास के मोहल्लों में इसके पड़ने वाले दुष्प्रभाव व बचाव के लिए किए गए उपायों का भी लेखा-जोखा तैयार होगा। इस पर बंगलूरू विश्वविद्यालय अध्ययन करेगा। मेला प्रशासन व विवि के पर्यावरण विज्ञान विभाग के साथ समझौता हुआ है।

## न्यूज ब्रीफ

### पुल से गिरे युवक की इलाच के दौरान मौत

**सिल्ली:** प्रत्येक बर्ष पहली जनवरी को लगने वाले बजरंग मेला के दिन अचानक पिस्का सिल्ली निवासी महेंद्र महतो गिर गया था। बताया जाता है आनन फानन में उसको बेहोशी की हालत में सिंगपुर अस्पताल में भर्ती कराया गया था उसकी स्थिति में सुधार नहीं होने पर दूसरे दिन चिकित्सक ने रिम्स रांची रेफर किया था जहां शुक्रवार को इलाच के दौरान मौत हो गयी। बताया यह जाता है की उसने अत्याधिक शराब का सेवन किया था। मृतक युवक घर का एक लोटा कमाओ सदस्य था, उनका परिवार में पत्नी और दो छोटे छोटे बच्चें है जिनका रो रोकर बुरा हाल है। गांव की एक महिला ने बताया यहां जहरीले महुआ दारू सुबह से लेकर देर रात तक खुलेआम बिकता है देखने वाला कोई नही।

### वाहन जांच के दौरान पल्सर छोड़ भागा युवक, वाहन सीज




रांचीः सड़क सुरक्षा माह के तीसरे दिन कल करम टोली चौक पर वाहन जांच अभियान चलाया गया। इस दौरान लोगों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया। इसी दौरान एक पल्सर को जांच में पकड़ा गया, तो युवक बाइक छोड़ कर ही भाग गया। वाहन मालिक का नाम पूछने पर भी वह युवक सही से नाम नहीं बता पा रहा था। इसके बाद वाहन को सीज कर थाना भेज दिया गया। आशंका है कि यह संदिग्ध वाहन है। वाहन रांची जिला में निबंधित है। जबकि, वाहन मालिक खूंटी का निवासी है। वाहन मालिक के मोबाइल पर कॉल करने पर नंबर नॉट रिचेबल बता रहा था। वाहन के आगे और पीछे नंबर प्लेट पर टेप भी चिपकाया गया था।

25 वाहनों की हुई जांच, 10 वाहन चालक नियमों का उल्लंघन करते पाये गये : शुक्रवार को लगभग 25 दो पहिया वाहनों की जांच की गयी। इसमें से लगभग 10 वाहन चालक नियमों का उल्लंघन करते पाये गये। हालांकि, किसी भी वाहन चालकों पर जुर्माना नहीं किया गया। इन वाहन चालकों को डीटीओ अखिलेश कुमार ने खुद गुलाब फूल देकर नियमों का हर हाल में पालन को कहा। साथ ही डीटीओ कार्यालय में भी कई युवकों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया।

### चार दुकानों में लगी आग, लाखों का सामान जल कर राख

**गोड्डा :** ऊर्जानगर महगामा में गुरुवार की रात आग लगने से चार दुकानें जलकर राख हो गईं। रात करीब एक बजे हुई आगजनी की इस घटना में दुकानदारों को लाखों रुपए का नकसान हुआ है। मिली जानकारी के अनुसार, वहां सब्जी दुकान, सैलून व चाय की दुकानें आग की चपेट में आ गईं। एक दुकान से उठी आग की लपटों ने देखते ही देखते अन्य तीन दुकानों को भी अपनी चपेट में ले लिया। घटना की सूचना मिलते ही दुकानदार घर से दौड़े- दौड़े आए और आग बुझाने में जुट गए। तब तक सब कुछ जलकर समाप्त हो चुका था। सूचना पर फायर ब्रिगेड की दमकल गाड़ी ईसीएल ललमटिया कोलियरी से पहुंची, तब तक सिर्फ राख ही बचा हुआ था। इस बीच एक अन्य खबर के अनुसार, गोड्डा पीरपैंती मुख्य मार्ग पर दो कारों के बीच आमनेझसामने टक्कर हो गई। इस घटना में दोनों कारें क्षतिग्रस्त हो गई हैं, हालांकि किसी के घायल होने की सूचना नहीं है।

### श्री शनिदेव भक्त मंडली का 51वां रक्तदान शिविर कल

**सरायकेला :** श्री शनिदेव भक्त मंडली (ट्रस्ट) 2025 में अपने रक्तदान शिविरों का सिलसिला रविवार पांच जनवरी से शुरू कर रहा है। मंडली की ओर से रविवार पांच जनवरी को सरायकेला सदर अस्पताल के प्रांगण से इस साल का पहला रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया है। यह मंडली का 51वां रक्तदान शिविर होगा।

108 यूनिट रक्त संग्रह करने का लक्ष्यः शिविर का संचालन मंडली के सरायकेला प्रमुख अमिताभ मुखर्जी के नेतृत्व में होगा और सहयोगी संचालक प्रकाश महतो रहेंगे। शिविर सुबह 9 से शाम 5 बजे तक संचालित होगा। ट्रस्ट की ओर से बताया गया कि शिविर में 108 यूनिट रक्त संग्रह करने का लक्ष्य रखा गया है। शिविर का उद्देश्य सिर्फ जरूरतमंदों को समय पर रक्त उपलब्ध कराना और युवाओं को रक्तदान के प्रोत्साहित करना है।

### खलारी-बीजुपाड़ा मार्ग पर सड़क हादसे में ट्रक चालक की मौत

चान्हो। चान्हो थाना क्षेत्र में गुरुवार रात और शुक्रवार सुबह दो अलग-अलग सड़क हादसों में एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि एक महिला सहित तीन लोग घायल हो गए।

पहली दुर्घटना गुरुवार रात करीब 9 बजे खलारी-बीजूपाड़ा मार्ग पर बाला नदी के पास हुई। दो ट्रकों की जोरदार टक्कर में 22 वर्षीय सागर उरांव, निवासी चामा आसनाकोचा, की मौके पर ही मौत हो गई। सागर 12 चक्का खाली ट्रक लेकर बीजूपाड़ा की ओर जा रहे थे। तभी विपरीत दिशा से आ रहे एक अन्य ट्रक ने उनकी गाड़ी को जोरदार टक्कर मार दी। पुलिस के अनुसार, टक्कर के बाद सागर ट्रक की स्टीयरिंग और ड्राइविंग सीट के बीच फंस गए थे। काफी मशक्कत के बाद उनके शव को बाहर निकाला गया। हादसे की सूचना मिलते ही चान्हो पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया। दुर्घटना के बाद टक्कर मारने वाला ट्रक चालक गाड़ी लेकर मौके से फरार हो गया। पुलिस मामले की जांच कर रही है। दूसरी दुर्घटना शुक्रवार सुबह करीब 6 बजे रांची-डालटनगंज मार्ग (एनएच 39) पर बीजूपाड़ा हुटार मोड़ के पास हुई। एक ऑटो, जो सब्जी लेकर बाजार जा रहा था, एक ट्रक की टक्कर से पलट गया। हादसे में तीन लोग घायल हो गए, जिनकी पहचान 52 वर्षीय बसंती देवी, 15 वर्षीय सुक्कू उरांव, और 15 वर्षीय आनंद उरांव के रूप में हुई।

### झारखण्ड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा ने जयपाल सिंह मुंडा की मनाई 122वीं जयन्ती

बोकारो : सिद्धू कान्हू चौक,चास, बोकारो में झारखण्ड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा के तत्वाधान में जिलाध्यक्ष राजदेव माहथा की अध्यक्षता में झारखण्ड अलग राज्य के अग्रणी आंदोलनकारी जयपाल सिंह मुंडा की 122 वीं जयन्ती के सुअवसर पर मोर्चा द्वारा बोकारो जिला सहित पुरे झारखण्ड प्रदेश में झारखण्ड आंदोलनकारी दिवस मनाया गया। समारोह में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आये सभी आंदोलनकारीयों ने जयपाल सिंह मुंडा के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित करते हुए जयपाल सिंह मुंडा अमर रहे के नारा से पूर्ण कार्यक्रम स्थल गुंजायमान हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष विदेशी महतो ने कहा कि वर्ष 1939 से विद्वान एवं क्रन्तिकारी नेता जयपाल सिंह मुंडा ने रांची में एक विशाल सभा आयोजित कर प्रथम बार झारखण्ड अलग राज्य निर्माण के लिए लड़ाई का एलान किया था। मुंडा का सपना था कि यदि अलग राज्य का निर्माण हो जाता है तो खनिज सम्पदा से भरे झारखण्ड वासियों को सदा ही सुखमय जीवन जीने का अधिकार प्राप्त होगा।

# ऑटोरिक्शा चालक की हत्या के आरोप में तीन गिरफ्तार



**मेट्रो रेज संवाददाता**

**पूर्वी सिंहभूम:** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक किशोर कौशल ने संवाददाताओं को बताया कि जांच के दौरान एकत्र साक्ष्यों के आधार पर पुलिस की एक टीम ने दो आरोपियों को डोबो पुल के पास से गिरफ्तार किया, जबकि एक अन्य को एक मंदिर के पास से पकड़ा गया।

झारखंड के पूर्वी सिंहभूम जिले के सोनारिया इलाके में एक ऑटोरिक्शा चालक की हत्या में कथित तौर पर शामिल तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि 30 वर्षीय व्यक्ति की पुरानी रंजिश के चलते बृहस्पतिवार को गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक किशोर कौशल ने संवाददाताओं को बताया कि जांच के दौरान एकत्र साक्ष्यों के आधार पर पुलिस की एक टीम ने दो आरोपियों को डोबो पुल के पास से गिरफ्तार किया, जबकि एक अन्य को एक मंदिर के पास से पकड़ा गया। कौशल ने बताया कि पुलिस ने आरोपियों के पास से एक पिस्तौल, कारतूस, दो मोबाइल फोन और एक बिना पंजीकरण वाला दोपहिया वाहन बरामद किया है।

# विधायक की उपस्थिति में बुजुर्ग महिला ने किया विकास योजनाओं का शिलान्यास



**मेट्रो रेज संवाददाता**

**सिल्ली:** ग्रामीण कामों का सूची बनाये निश्चित रूप से प्राथमिकता के आधार पर उन कार्यों को पूरा करने का प्रयास करूंगा, श्री महतो ने आगे कहा बहुप्रतिक्षित राढू जलाशय योजना का कार्य निर्माण हेतु शीघ्र ही मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मिलकर पहल करेंगे इस योजना के बन जाने से लोगों को सस्ती दर में बिजली सिंचाई की सुविधा के साथ-साथ लोगों को पेयजल की सुविधा मिलेगी यह बातें विधायक अमित महतो ने राहे प्रखंड के विभिन्न गाँवों में विकास योजनाओं का शिलान्यास के दौरान कहा। विधायक के उपस्थिति में जिला अनाबद्ध योजना अंतर्गत राहे प्रखंड के महेशपुर शिवटंगरा में खुला शेड व शौचालय का आधारशिला गांव की सबसे बुजुर्ग महिला मो0 पैदो वाला देवी, गोमदा में गार्डवाल निर्माण कार्य का आधारशीला मो0 सुतवा देवी एंव बुढ़ाडीह में जिला परिषद मद से पीसीसी पथ निर्माण कार्य का मो रोहिणी देवी ने आधारशीला रखी। राहे जिप सदस्य बादल महतो ने कहा बुढ़ाडीह गांव में आजादी के इतने बर्षो बाद भी पक्की सड़क नही था पहली बार पीसीसी पथ का निर्माण किया जा है। वही गांव में पहली बार पीसीसी पथ का निर्माण होने से गांव के लोगों में काफी खुशी देखी गई। मौके पर झामुमो नेता रोहिताश चौधरी देवगुण महतो महिंन्द्र महतो केशव महतो गोवर्धन अहीर हेमंत महतो राजू महतो पशुपति अहीर किसलय महतो सांसद प्रतिनिधि चितरंजन महतो समेत काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

## डीसी ने सड़क सुरक्षा को लेकर जागरूकता रथ किया रवाना



**मेट्रो रेज संवाददाता**

**गिरिडीह :** जिले के डीसी नमन प्रियेश लकड़ा ने राष्ट्रीय समाहरणालय भवन परिसर में सड़क सुरक्षा जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह जागरूकता रथ जिले के विभिन्न क्षेत्रों में जाकर लोगों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करेगा। डीसी ने कहा कि रथ के जरिए गुड सेमेरिटन के संबंध में व्यापक प्रचार-प्रसार कर आम लोगों को जागरूक किया जायेगा। गुड सेमेरिटन का परिचय देने वाले व्यक्तियों को सरकार की योजना से लाभान्वित किया जायेगा। उन्होंने इसका व्यापक स्तर पर प्रचार-प्रसार कराने का निदेश दिया है, ताकि सड़क दुर्घटना के गोल्डन पिरियड में घायल को अस्पताल पहुंचाकर उसकी मदद करने वाले व्यक्ति को बिना पूछताछ किये पुरस्कृत किया जा सके। उन्होंने कहा कि रथ के माध्यम से सड़क सुरक्षा एवं मोटर वाहन अधिनियम के बारे में प्रचार-प्रसार किया जाएगा। लोगों को ट्रैफिक नियमों से अवगत कराने, हेलमेट पहनने के फायदे, कार चलाते समय सीट बेल्ट का उपयोग करने, वाहन चलाते समय नशा नहीं करने, मोबाइल फोन व दूसरे इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों का उपयोग नहीं करने, वाहन निर्धारित गति सीमा में चलाने, वाहनों को ओवरटेक नहीं करने के अलावा अन्य कई जानकारी लोगों को दी जाएगी। मौके पर एसपी डॉ विमल कुमार, डीडीसी, अपर समाहर्ता, डीटीओ, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी समेत अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# जंगलों में बाघ की दस्तक से दहशत, मवेशी पर किया हमला

### वन विभाग ने जारी किया अलर्ट



**मेट्रो रेज संवाददाता**

**रमकंडा(गढ़वा):** जिले के दक्षिणी वन क्षेत्र के इलाकों में बाघ की दस्तक से दहशत है। बताया जा रहा है कि नये साल की शुरूआत में पहली बार बाघ ने एक भैंस का शिकार करने की कोशिश की, लेकिन नाकाम रहा। बाद में घायल भैंस की मौत हो गयी। घटना की सूचना मिलने के बाद वन विभाग ने रमकंडा, भंडरिया के क्षेत्रों में अलर्ट जारी करते हुए लोगों को जंगलों में नहीं जाने की चेतावनी जारी की है। साथ ही वन विभाग की टीम बाघ को ट्रैक कर रही है। हालांकि, अब तक ट्रैपिंग कैमरे से बाघ की कोई तस्वीर या कोई फुटमार्क नहीं मिले हैं। लेकिन, शिकार करने के तरीकों से विभाग बाघ के होने की संभावना जता रहा है। चूंकि बाघ आदमखोर नहीं है, इसलिए वन विभाग भी राहत की सांस ले रहा है।

कई दिनों से मिल रही मवेशियों पर बाघ के हमले की खबरः जानकारी के अनुसार, भंडरिया वन क्षेत्र के रोदो गांव के ठेकही टोला निवासी इंद्रदेव यादव गुरुवार रात अपनी भैंस को जंगल में चराने गया था। उसी दौरान बाघ ने भैंस पर हमला कर दिया। हालांकि, बाघ नाकाम रहा। किसी तरह रात गुजरने के बाद शुक्रवार सुबह इंद्रदेव ने अपनी भैंस का इलाज शुरू कराया। बाद में उसकी मौत हो गयी। उल्लेखनीय है कि दो दिन पहले भंडरिया के संगाली गांव के ग्रामीणों ने जंगल में बाघ के होने का दावा किया था। वहीं, बीते 13 नवंबर की रात बड़गड़ थाना क्षेत्र के बहेराखांड़ में पालतू जानवरों का शिकार करने के बाद भंडरिया क्षेत्र के जंगलों से होकर कोयल नदी पार कर बाघ पलामू टाइगर रिजर्व एरिया में पहुंच गया था। इसकी पुष्टि वन विभाग और पीटीआर के अधिकारियों ने की थी।

### अमर शहीद शेख भिखारी समारोह 8- 9 को

**रांचीः** अमर शहीद शेख भिखारी का शहादत दिवस आठ और नौ जनवरी 2025 को मनाया जायेगा! यह आयोजन अमर शहीद शेख भिखारी समारोह समिति पुंदाग रांची कर रही हैं। इसमें हिंदुस्तान के मशहूर कव्वाल वफा परवीन और मजहर जानी कव्वाली पेश करेंगे! बच्चों को खेलने के लिए विशेष झूलों का इंतेजाम भी हैं यह कार्यक्रम रात आठ बजे शुरू होगा,यह जानकारी मीडिया प्रभारी तौसीफ खान ने दी हैं!

## झारखंड में घना कोहरा, कई हिस्सों में शीतलहर का प्रकोप

**मेट्रो रेज संवाददाता**

**रांची :** झारखंड में शनिवार को भी शीतलहर का प्रकोप जारी रहा और तापमान छह डिग्री सेल्सियस से नीचे दर्ज किया गया। भारत मौसम विज्ञान विभाग ने यह जानकारी दी। आईएमडी ने कहा कि पिछले 24 घंटों के दौरान राज्य में मौसम शुष्क रहा और खूंटी में सबसे कम 5.3 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज किया गया। आईएमडी के अनुसार, पिछले 24 घंटों के दौरान कुछ स्थानों पर सामान्य से कम तापमान रहा। अगले 24 घंटों के दौरान न्यूनतम



तापमान में कोई बड़ा परिवर्तन होने की संभावना नहीं है तथा उसके बाद अगले तीन दिनों में तापमान दो से चार डिग्री सेल्सियस तक बढ़ सकता है। आईएमडी ने रविवार सुबह हल्के से मध्यम कोहरे और बाद में आंशिक रूप से बादल छाए रहने का अनुमान व्यक्त किया है। छह और सात जनवरी को सुबह कोहरा छाया रहेगा और बाद में आंशिक रूप से बादल छाए रहेंगे। आठ और नौ जनवरी को मौसम ऐसा ही बने रहने की संभावना है।

# श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम मंदिर का उद्घाटन व राधा कृष्ण मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा कल





**मेट्रो रेज संवाददाता**

**रांची :** राजधानी रांची के कटहल मोड़ रोड पर पुंदाग में राज्य के सबसे बड़े राधा कृष्ण का मंदिर का उद्घाटन एवं श्री राजश्यामा जी (राधा कृष्ण) मंदिर की पूजा पधरावणी ( प्राण प्रतिष्ठा) 5 जनवरी 2025 हो होगी। श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट के अध्यक्ष डूंगरमल अग्रवाल, उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल, निर्मल जालान, सचिव मनोज चौधरी एवं मीडिया प्रभारी संजय सर्राफ ने महाराजा अग्रसेन भवन में आयोजित प्रेस वार्ता मे विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम मंदिर का शुभारंभ 5 जनवरी दिन रविवार को प्रातः 10 बजे ट्रस्ट के संस्थापक एवं संरक्षक संत शिरोमणि श्री श्री 1008 स्वामी श्री सदानंद जी महाराज के कर कमलों द्वारा किया जाएगा। इस अवसर पर प्रणामी समाज के 20 संत- महात्मा उपस्थित रहेंगे। वृंदावन से संत शिरोमणि डॉ स्वामी सदानंद महाराज एवं सिलीगुड़ी से परम पूज्य मोहन प्रियाचार्य महाराज के सानिध्य में संपूर्ण पूजन अनुष्ठान होगा। तथा शहर के 1500 से भी अधिक गणमान्य लोग उपस्थित रहेंगे। तथा झारखंड के साथ-साथ दूसरे राज्यों से भी भक्तगण पधार रहे हैं। इस पूजा पधरावणी के मुख्य यजमान सरिता- विजय अग्रवाल (सुपुत्र विद्या देवी अग्रवाल- स्व दौलत राम अग्रवाल) होंगे। 5 जनवरी से यह मंदिर श्रद्धालुओं के लिए खोल दिया जाएगा। श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट के सौजन्य से श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम मंदिर बना है। तथा इस मंदिर का निर्माण 7 वर्षों मे पूर्ण हुआ है। लगभग 30 डिसमिल भूखंड पर मंदिर का निर्माण हुआ है जिसकी ऊंचाई 40 फीट और लंबाई 80 फिट है। निर्माण 3500 वर्ग फीट में किया गया है। मंदिर राजस्थान के संगमरमर सफेद पत्थर एवं टाइल्स से मंदिर बना है। यह झारखंड में सबसे बड़ा श्री राधा कृष्ण का मंदिर है।श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम मंदिर में श्री कृष्ण की जन्म से लेकर महाभारत काल तक की झांकियां दिखाई गई है। मंदिर के मुख्य द्वार के ऊपर गोवर्धन पर्वत उठाएं भगवान श्री कृष्ण की वृहद प्रतिमा है। तो दूसरे द्वार में भगवान श्री कृष्ण की गोपियां के संग रासलीला करते भगवान सुदर्शन की प्रतिमाएं है। मंदिर में ग्रंथ भगवान के वस्त्र, मुकुट, मुरली, आदि की पूजा की जाएगी। मंदिर के पहले तल्ले पर सद्गुरु कृपा अपना घर सत्य प्रेम सभागार बनाया गया है जहां मानसिक रूप से कमजोर एवं निराश्रय और दिव्यांग प्रभु जी की सेवा की जाती है। वहां उन्हें आश्रय दिया गया है तथा भोजन, इलाज की निःशुल्क व्यवस्था की गई है। अभी इस अपना घर में 32 जरूरतमंदों की सेवा की जा रही है। ट्रस्ट का मुख्य उद्देश्य सिर्फ सेवा कार्य करना है। समय-समय पर ट्रस्ट द्वारा गरीबों को कंबल वितरण, निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर, तथा अन्य कई जन कल्याणकारी कार्य किए जाते हैं। मंदिर परिसर में विगत 182 सप्ताह से लगातार प्रत्येक रविवार को निःशुल्क श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा भंडारे का आयोजन किया जा रहा है। तथा प्रत्येक सप्ताह 1000 से 1500 लोगों के बीच प्रसाद का वितरण किया जाता है। मंदिर के शुभारंभ एवं श्री राज श्यामा जी की पूजा पधरावनी प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर श्रीमद् भागवत सार कृष्ण अमृत कथा होगा। जिसमें परमहंस संत शिरोमणि श्री सदानंद जी महाराज श्रीमद् भागवत सार कृष्ण अमृत कथा तथा परम पूजनीय श्री मोहन प्रियाचार्य जी महाराज के मुखारविंद से तारतम वाणी तथा अन्य महात्माओं द्वारा दिव्य प्रवचन होगा। तथा 5 जनवरी से 8 जनवरी तक चार दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा वाणी चर्चा एवं बीतक कथा श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम मंदिर में दोपहर 2 बजे से 5 बजे तक होगा,इस आयोजन के आयोजक एवं व्यवस्थापक श्री कृष्ण प्रणामी सेवा समिति है।

प्रेस वार्ता में- मनीष जालान, सुरेश चौधरी, नवल अग्रवाल चिरंजी लाल खंडेलवाल, वेंकट गाड़ोदिया, सज्जन पाड़िया, पूरणमल सर्राफ, विशाल जालान,अजय खेतान, ओम सरावगी, अमित पोद्दार, अशोक लाठ, गोविंद अग्रवाल, जगदीश अग्रवाल, जयप्रकाश मित्तल, दीपक चौधरी, नंदू चौधरी, मनीष सोनी, दीपेश निराला, नितिन मोदी, निर्मल छावनिका, प्रभास गोयल, प्रेमचंद श्रीवास्तव, मोहनलाल खंडेलवाल, विष्णु सोनी, शिव भगवान अग्रवाल, सुनील पोद्दार, सुरेश अग्रवाल, सुरेश भगत व अन्य उपस्थित थे।

# मंईयां योजना कार्यक्रम 6 को, एसएसपी ने सुरक्षा व्यवस्था का लिया जायजा

## मुख्यमंत्री लाभुकों के खाते में भेजेंगे सम्मान राशि,समारोह में रहेगी पांच हजार जवानों की तैनाती

**संवाददाता**

**रांची :** नामकुम के खोजा टोली स्थित आर्मी ग्राउंड में छह जनवरी को मंईयां सम्मान योजना का कार्यक्रम होगा। इसे लेकर शनिवार को एसएसपी चंदन सिन्हा ने सुरक्षा व्यवस्था से संबंधित कई दिशा निर्देश दिये। इस कार्यक्रम में करीब पांच लाख लोगों के आने का अनुमान है। कार्यक्रम को लेकर सुरक्षा, भीड़ और ट्रैफिक मैनेजमेंट को लेकर बैठक की गयी। साथ ही कार्यक्रम में जिन अफसरों और कर्मियों की ड्यूटी लगी है, उन्हें ब्रीफ भी किया गया।

**सुरक्षा को लेकर की जायेगी पांच हजार जवानों की तैनाती :** समारोह स्थल की सुरक्षा को लेकर पांच हजार पुलिस जवानों की तैनाती की जायेगी। साथ ही अलग-अलग विंग बनाकर उसमें मजिस्ट्रेट भी तैनाती किये जायेंगे।



कार्यक्रम वाले दिन के लिए अलग से ट्रैफिक प्लान जारी किया जायेगा। कार्यक्रम में राज्य के सभी जिलों से लाभुकों को आना है, ऐसे में उनके बैठने के लिए अलग-अलग ब्लॉक बनाये गये हैं। मुख्य मंच के आसपास सुरक्षा के लिए बेहतर सुरक्षा उपाय किये जा रहे हैं। जगह-जगह पर बैरिकेडिंग की जा रही है। सड़कों पर आवागमन प्रभावित न हो, इसके लिए भी विशेष प्लान बनाये गये हैं।

**समारोह की तैयारियां जोरों पर, 4-5 लाख महिलाएं होंगी शामिल:** नामकुम के खोजा टोली स्थित आर्मी ग्राउंड में 06 जनवरी को मंईयां सम्मान समारोह का आयोजन होने वाला है। राज्यस्तरीय समारोह की तैयारियां जोर-शोर से चल रही है। जिसमें राज्यभर से चार से पांच लाख महिलाएं शामिल होंगी। कार्यक्रम में झारखंड के विभिन्न लोक कलाकार अपनी कला का भी प्रदर्शन करेंगे। डीसी की निगरानी में दूसरे जिलों से आने वाली महिलाओं के लिए यात्रा, अल्पाहार, वाहन पार्किंग और अन्य व्यवस्था की गई है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया है कि महिलाओं को कोई असुविधा न हो।

मंईयां सम्मान योजना कार्यक्रम में सीएम हेमंत सोरेन करीब 56 लाख महिलाओं के खाते में 2500 रुपये ट्रांसफर करेंगे। कई लाभार्थियों के खाते में पहले ही राशि ट्रांसफर की जा चुकी है। वहीं, बाकी लाभार्थियों के खातों में छह जनवरी को यह राशि भेजी जाएगी।

**लोक कलाकारों देंगे सांस्कृतिक प्रस्तुतियां:** कार्यक्रम में झारखंड के विभिन्न लोक कलाकार अपनी कला का प्रदर्शन करेंगे। जहां पवन राय (नागपुरी गायक), सुरेंद्र कुजूर (कुडुख गायक), और इग्नेश कुमार (सादरी गायक) अपनी गायकी से दर्शकों को मंत्रमुग्ध करेंगे। वहीं पाइका और छऊ जैसे पारंपरिक झारखंडी नृत्य भी कलाकार प्रस्तुत करेंगे।

**डीसी ने तैयारियों को जल्द पूरा करने का दिया निर्देश:** रांची डीसी मंजूनाथ भजंत्री आयोजन स्थल पर चल रही तैयारियों की नियमित मॉनिटरिंग कर रहे हैं। उन्होंने अधिकारियों को सभी तैयारियों को निर्धारित समय में पूरा करने का निर्देश दिया है।

# मुख्यमंत्री से मिले श्री कृष्ण लोक प्रशासन के निदेशक




रांचीः मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से आज उनके निवास स्थल पर जाकर झारखंड के वरीय आईएएस अधिकारी तथा श्री कृष्ण लोक प्रशासन के निदेशक डॉ मनीष रंजन शिष्टाचार मुलाकात की और उन्हें नव वर्ष की उन्हें शुभकामनाएं दी। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने भी झारखंड राज्य के विकास के लिए पूर्ण रुपए बेहतर ढंग से कार्यों को प्रोत्साहित करने के लिए किए जा रहे कार्यों को भी सराहा विदित होकर भारतीय प्रशासनिक सेवा 2002 बीच के लोकप्रिय कर्मठ आईएएस अधिकारी डॉ मनीष रंजन झारखंड के विभिन्न विभागों के सचिव के रूप में अपने बेहतर कार्यों से लोकप्रिय आईएएस अधिकारी के रूप में पहचाने जाते हैं तथा उपायुक्त के रूप में हजारीबाग पाकुड़ देवघर गढ़वा खूंटी जिला में भी पदस्थापित रहे।

## रांची जिला राजद की आवश्यक बैठक कल

**रांची :** रांची जिला राष्ट्रीय जनता दल की आवश्यक बैठक 5 जनवरी को पार्टी के प्रदेश कार्यालय बायपास रोड बिरसा चौक में दिन के 12:00 बजे बुलाई गई है। बैठक की जानकारी देते हुए रांची जिला राजद अध्यक्ष धर्मेंद्र महतो ने बताया कि बैठक में पार्टी के सदस्यता अभियान को त्वरित गति से आगे बढ़ाने, संगठन को हर स्तर पर मजबूत करने सहित विभिन्न मुद्दों पर व्यापक विचार विमर्श किया जाएगा। ताकि नए वर्ष में नए तेवर के साथ राजद अपने को प्रस्तुत कर सके। बैठक में संगठन के विस्तार पर भी चर्चा की जाएगी। श्री महतो ने कहा कि बैठक में सारे प्रखंड अध्यक्ष, जिला कमेटी के पदाधिकारी और सक्रिय सदस्यों की उपस्थिति अनिवार्य है।


**उत्तर पश्चिम रेलवे**

**ई-निविदा आमंत्रण सूचना**

मंडल रेल प्रबंधक, इंजीनियरिंग, उत्तर पश्चिम रेलवे, जोधपुर द्वारा भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से ई-निविदा के माध्यम से प्रचलित नियमों के अंतर्गत निर्धारित प्रपत्रों में निविदा निम्न कार्यों के लिए क्रमानुसार आमंत्रित की जाती है। **ई निविदा सूचना सं.** 2024-25 145; **कार्य का नाम व स्थान:** Replacement of Glued joint over due SEJ, Switches and fitting in Raikabagh-Jaisalmer section in the Jurisdiction of ADEN/JSM **अनुमानित लागत रुपये:** 2,62,16,144.36; **बयाने की राशी रुपये:** 2,91,100.00; 146; **कार्य का नाम व स्थान:** Installation of Track Mounted Automatic Gauge Face Lubricators on Curves(Curve length up to 1 KM) in the Jurisdiction of DEN/Central of Jodhpur division.; **अनुमानित लागत रुपये:** 6,72,94,424.86; **बयाने की राशी रुपये:** 4,86,500.00; 147; **कार्य का नाम व स्थान:** Construction of RCC box culvert bridge at Km 146/8-9; Km 148/2-3; Km 152/8-9; Km 285/2-3; Km 55/0-1 and Protection work at Km 152/1-4 and Slope Stablisation / Pitching work and other protection work at breaches locations in RKB-JSM section. **अनुमानित लागत रुपये:** 5,93,35,436.81; **बयाने की राशी रुपये:** 4,46,700.00; 148; **कार्य का नाम व स्थान:** Construction of RCC box bridges at Km 698-Km 702 along with Drainage Improvement work in PMY Yard and Km 617- 620 (RKB-JUCT Block Section) and Protection work such as protection wall, Stone Pitching and other protection work at breaches locations in JU-MJ section **अनुमानित लागत रुपये:** 7,56,87,818.85, **बयाने की राशी रुपये:** 5,28,400.00;निविदा सूचना संख्या 145 to 148 of 24-25 निविदा प्रस्तुत करने की तिथि 22.01.2025, 27.01.2025, 29.01.2025 & 31.01.2025 को 15.00 बजे तक है। वेबसाइट का विवरण जहाँ पर ई-निविदा देखी व भरी जा सकती है- **www.ireps.gov.in** 16-AN/25

हमें /NWRailways पर फॉलो करें


# सामाजिक क्षेत्र में उत्कृष्ठ सेवा कार्य के लिए अजय कुमार जैन व अन्य को सम्मान

**मेट्रो रेज**

**रांचीः** छात्र क्लब श्रमिक कल्याण मंच (यूनिट,छात्र क्लब ग्रुप)की ओर से सम्मान समारोह का आयोजन रांची नामकुम पेट्रोल पंप के निकट संपन्न हुआ। इस अवसर पर कंप्यूटर के क्षेत्र मे हनी कुमारी,सामान्य ज्ञान के क्षेत्र मे श्रेया कुमारी,सोहराई आर्ट के क्षेत्र मे मिंटू कुमार एवं सामाजिक क्षेत्र में अजय कुमार जैन को सम्मानित किया गया।

अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए अजय कुमार जैन ने कहा समाज सेवा से मन में शकुन मिलता है, मिंटू कुमार ने कहा सोहराई आर्ट पेंटिंग हमारे पूर्वजों से चला आ रहा है,रोजगार के क्षेत्र में एक अच्छा कदम है यह सोहराई पेंटिंग 04 प्रकार के प्राकृतिक मिट्टी (काली,गेरू,सफेद,पीला मिट्टी) एवं कोहवर पेंटिंग 02 कलर के काली और उजली मिटी से ही बनाई जाती है।इच्छुक लोगों को मैं इस कला की प्रशिक्षण भी देता हूं।



कार्यक्रम की अध्यक्षता क्लब के मुख्य संयोजक संतोष कुमार श्रेयांश ने किया। इस मौके से श्रमिक कल्याण मंच के उपाध्यक्ष सुबोध कुमार शर्मा,संरक्षक पिंटू शर्मा,रमेश मिस्त्री,दीपक राणा,राजकिशोर राणा,अशोक कुमार राणा,विद्यानंद शर्मा आदि मौजूद थे। मौके पर क्लब के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिव किशोर शर्मा ने कहा रांची नामकुम के शुद्ध, टेस्टी ब्रेड एवं बेकरी निमार्ता सेठी बेकरी के निदेशक अजय कुमार जैन व्यवसाई के साथ साथ समाजसेवी भी है वे अपने समाजिक दायित्व के तहत क्लब के साथ मिलकर

हमेशा गरीब एवं जरूरतमंद लोगों के बीच ब्रेड,बिस्कुट,बेकरी आदि उपलब्ध कराते रहते है

वही संतोष कुमार ने कहा क्लब कई वर्षों से समाजिक एवं अन्य क्षेत्र में उत्कृष्ट सेवा प्रदान करने वालों को सम्मान कर मनोबल बढ़ा रही है।सभी संस्था एवं समाजसेवियो से आग्रह है कि अभी के कनकनी ठंडे मौसम को देखते हुए अपने अपने क्षेत्र के सुरक्षित स्थानों में अलाव जलाने की व्यवस्था करें साथ ही गरीब, जरूरतमंद लोगों के बीच गर्म वस्त्र भी वितरण करें। समाज सेवा भी एक पुण्यकार्य है।

## डीएसपीएमयू का दूसरा दीक्षांत समारोह सात फरवरी को

# आठ से शुरू होगा रजिस्ट्रेशन 800 रूपया शुल्क

**संवाददाता**

**रांचीः** डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विवि में कुलपति डॉ तपन कुमार शांडिल्य की अध्यक्षता में सात फरवरी को होने वाले दूसरे दीक्षांत समारोह को लेकर परीक्षा बोर्ड की बैठक आयोजित की गयी। इसमें कुलपति सहित अन्य ने दीक्षांत समारोह से संबंधित महत्वपूर्ण विषयों पर सदस्यों के साथ विचार किया। वहीं निर्णय लिया गया कि विद्यार्थियों के हित को ध्यान में रखते हुए पिछले वर्ष के प्रथम दीक्षांत समारोह में जो रजिस्ट्रेशन शुल्क 800 रुपये था, दूसरे दीक्षांत समारोह में भी वहीं शुल्क निर्धारित किया गया है। इसके अलावा एक स्मारिका के प्रकाशन पर भी विचार किया गया। जो विद्यार्थियों को रजिस्ट्रेशन शुल्क में ही उपलब्ध कराया जायेगा। कुलपति ने कहा कि दूसरे दीक्षांत समारोह में स्नातक के सत्र 2021-24 और 2020-23 और स्नातकोत्तर के 2021-23 व




2022-24 विद्यार्थियों को उपाधि प्रदान की जायेगी।

**दीक्षांत के लिए आठ जनवरी से होगा रजिस्ट्रेशनः** दूसरे दीक्षांत समारोह के लिए रजिस्ट्रेशन आठ से 15 जनवरी तक किया जायेगा। कुलपति डॉ तपन कुमार शांडिल्य ने बताया कि जल्द ही रजिस्ट्रेशन से संबंधित सूचनाएं विवि के वेबसाइट पर समय के साथ जारी की जायेगी। निर्धारित अवधि के अंदर ही विद्यार्थियों को रजिस्ट्रेशन करवाना अनिवार्य होगा। बैठक में कुलपति के अलावा डीएसडब्ल्यू डॉ सर्वोत्तम कुमार, मानविकी डीन डॉ अयूब, साइंस डीन डॉ आइपी गुप्ता, परीक्षा नियंत्रक डॉ आशीष गुप्ता, वित्त अधिकारी आनंद कुमार मिश्र, पीआरओ प्रो राजेश कुमार सिंह, डॉ राजीव रंजन, डॉ शुचि संतोष बरवार आदि उपस्थित थे।

## ठंड से कांप रही रांची, कांके का तापमान 3 डिग्री


रांचीः झारखंड की राजधानी रांची ठंड से कांप रही है। सुबह और शाम को ठंड की तीव्रता बढ़ जाती है। 10 बजे के बाद थोड़ी राहत मिलती है, लेकिन ठंड का अहसास होता ही रहता है। सुबह और रात के समय जगह-जगह लोग अलाव जलाकर ठंड से बचने की कोशिश करते हैं। शनिवार को रांची का न्यूनतम तापमान 3 डिग्री सेंटीग्रेड हो गया। हालांकि, भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के रांची स्थित मौसम केंद्र ने बताया है कि रांची में नामकुम का न्यूनतम तापमान 5 डिग्री सेंटीग्रेड झारखंड में सबसे कम है। दूसरी तरफ, बिरसा कृषि विश्वविद्यालय कांके में मौजूद ग्रामीण कृषि मौसम सेवा ने शनिवार को बताया कि कांके का न्यूनतम तापमान 3 डिग्री सेंटीग्रेड पहुंच गया है।

## वित्त मंत्री से मिले निपु सिंह, दी बधाई

**रांची:** राष्ट्रीय सुरक्षा पार्टी के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष सह झारखंड अगेंस्ट करप्शन के केंद्रीय संगठन मंत्री निपु सिंह ने आज सुबह अशोक नगर स्थित वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर के आवास पर जाकर उनसे मुलाकात कर उन्हें नये साल की बधाई दी और गुलदस्ता भेंट किया।श्री सिंह ने विश्वास जताया कि वित्त मंत्री मेहनती और ईमानदार होने के साथ-साथ बहुत ही अनुभवी और चतुर नेता है। उनकक वित्त मंत्री बनने से झारखंड को काफी लाभ पहुंचेगा। उन्होंने वित्त मंत्री से मिलकर उनसे आशीर्वाद लिया और नया साल के बधाई दी और उज्जवल भविष्य की कामना की।

## बिहार और हैदराबाद जाने वालों के लिए खुशखबरी

# अब एक अप्रैल तक चलेगी हैदराबाद रक्सौल-हैदराबाद स्पेशल ट्रेन




### रेलवे ने लिया पावर ब्लॉक, कल रद्द रहेगी दुमका-रांची एक्सप्रेस, कई अन्य ट्रेनें भी प्रभावित

रांची: पूर्व रेलवे के आसनसोल मंडल ने निर्माण कार्य को लेकर पावर ब्लॉक लिया है। इसके चलते कई ट्रेनें रद्द रहेंगी। ट्रेन संख्या 13319 दुमकाझ्र रांची एक्सप्रेस पांच जनवरी को रद्द रहेगी। वहीं, ट्रेन संख्या 17006 रक्सौल-हैदराबाद एक्सप्रेस इस दिन अपने निर्धारित समय से एक घंटा 20 मिनट देर से रक्सौल से प्रस्थान करेगी।

इधर, दक्षिण-पूर्व रेलवे के आद्रा मंडल ने 6 जनवरी को पावर ब्लॉक लिया है। इसके चलते ट्रेन संख्या 18601 टाटानगरझ्रहटिया एक्सप्रेस 6 जनवरी को अपने निर्धारित मार्ग चांडिल-पुरुलिया-कोटशिला-मुरी के स्थान पर परिवर्तित मार्ग चांडिल-गुंडा विहार, मुरी होकर चलेगी। जबकि ट्रेन संख्या 18035/18036 खड़गपुर-हटिया-खड़गपुर मेमू ट्रेन का आद्रा-हटिया-आद्रा के बीच परिचालन रद्द रहेगा।

**संवाददाता**

रांचीः झारखंड से बिहार और हैदराबाद जाने वाले रेल यात्रियों के लिए खुशखबरी है। भारतीय रेलवे ने बिहार के रक्सौल से रांची के रास्ते हैदराबाद जाने वाली ट्रेन को अवधि विस्तार दे दिया है। यानी यह स्पेशल ट्रेन अभी बंद नहीं होगी। दक्षिण पूर्व रेलवे रांची मंडल की ओर से यह जानकारी दी गई है। मुख्य जनसंपर्क पदाधिकारी ने बताया है कि हैदराबाद-रक्सौल-सिकंदराबाद स्पेशल (वाया रांची) ट्रेन आगे भी चलती रहेगी।

**हैदराबाद-रक्सौल-सिकंदराबाद स्पेशल ट्रेन अप्रैल तक चलेगी:** उन्होंने बताया कि बिहार और हैदराबाद जाने वाली ट्रेनों में भीड़ को देखते हुए यात्रियों की सुविधा के लिए रांची रेल मंडल से होकर चलने वाली ट्रेन 07051/07052 हैदराबाद-रक्सौल-सिकंदराबाद स्पेशल के परिचालन अवधि में विस्तार किया गया है।

**हैदराबाद से आज और रक्सौल से 7 को खुलेगी स्पेशल ट्रेनः** 07051 हैदराबाद-रक्सौल स्पेशल ट्रेन (वाया रांची) 4 जनवरी 2025 से 29 मार्च 2025 तक प्रत्येक शनिवार को हैदराबाद से प्रस्थान करेगी।

07052 रक्सौल-सिकंदराबाद स्पेशल ट्रेन (वाया रांची) 7 जनवरी 2025 से 1 अप्रैल 2025 तक प्रत्येक मंगलवार को रक्सौल से प्रस्थान करेगी।

**23 कोच के साथ चलेगी हैदराबाद-रक्सौल-सिकंदराबाद स्पेशल ट्रेनः** इन ट्रेनों की समय सारणी एवं ठहराव पहले की तरह रहेगी। इन ट्रेनों में एसएलआर के 2 कोच, सामान्य श्रेणी के 4 कोच, द्वितीय श्रेणी स्लीपर के 8 कोच, वातानुकूलित 3-टियर के 6 कोच, वातानुकूलित 2-टियर के 2 कोच एवं वातानुकूलित प्रथम श्रेणी सह वातानुकूलित 2-टियर संयुक्त कोच का 1 कोच होगा। इस तरह ट्रेन में कुल 23 कोच होंगे।


**जिला गव्य विकास कार्यालय, हजारीबाग**

**"आम सूचना"**

सरकार के सचिव, कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (पशुपालन प्रभाग), झारखण्ड रांची के 14 रा0(वि0) दिनांक 01.07.2024 के आलोक में मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजनान्तर्गत वितीय वर्ष 2024-25 के तहत ग्रामीण स्तर पर युवाओं / महिलाओं को स्वनियोजित कर आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से अनुदानित / लाभुक अंशदान पर संचालन हेतु गव्य प्रक्षेत्र की विभिन्न योजनाओं में शेष लक्ष्य की प्राप्ति हेतु विहित प्रपत्र में आवेदन भरकर सूचना प्रकाशन की तिथि से 01 सप्ताह के अंदर आमंत्रित किया जाता है :-

| क्र0 | योजना का नाम | योजना का लागत राशि | शेष लक्ष्य | | | अभियुक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 50 प्रतिशत अनुदान | 75 प्रतिशत अनुदान | 90 प्रतिषत अनुदान | |
| 1 | 02 गाय / भैंस वितरण की योजना | 135050/- | 0 | 03 (SCSP) | 02 (OSP) 06 (SCSP) | |
| 2 | हस्तचालित चैफ कटर | 8000/- | 0 | 56 (OSP) | 35 (OSP) 14 (SCSP) | |
| 3 | विद्युतचालित चैफ कटर | 20000/- | 0 | 25 (OSP) | 25 (OSP) 02(SCSP) | |
| 4 | मिल्किंग मशीन (4 बकेट) | 120000/- | 0 | 3 (OSP) | 1 (OSP) 1 (SCSP) | |
| 5 | पनीर एवं खोवा मेकिंग यूनिट (1 सेट) | 100000/- | 0 | 2 (OSP) | 1 (SCSP) | |
| 6 | वर्मी कम्पोस्ट यूनिट 3 M × 2M × 1M | 25000/- | 0 | 37 (OSP) | 50 (OSP) | |
| 7 | डीप बोरिंग यूनिट | 100000/- | 0 | 0 | 11 (OSP) 02 (SCSP) | |

**चयन हेतु अहर्ताए एवं प्रक्रिया :-**
- ग्रामीण क्षेत्र के इच्छुक लाभुकों को योजना का लाभ नियमानुसार चयनोपरांत दिया जाएगा।
- पशुपालक झारखण्ड राज्य के हजारीबाग जिला का स्थानीय निवासी होना अनिवार्य है।
- जिला के लाभुकों का चयन ग्राम सभा द्वारा किया जायेगा।
- योजनावार / प्रखण्डवार निर्धारित लक्ष्य के आलोक में लाभुकों का चयन प्रखण्ड स्तरीय समिति के अनुशंसा उपरांत उपायुक्त की अध्यक्षता में जिला स्तरीय चयन समिति द्वारा अनुमोदन प्राप्त होने पर योजना का लाभ दिया जायेगा।
- जिला स्तरीय चयन समिति से अनुमोदन उपरांत लाभुक अंशदान की राशि एक माह के अंदर संबंधित खाता में जमा कराना होगा।
- सभी योजनाओं का अनुदान राशि DBT के माध्यम से लाभुकों के Escrow Account में हस्तांरित की जायेगी।
- विगत पाँच वर्षों में जिन परिवारों (JSFSS/NFHS अन्तर्गत परिभाषित) द्वारा अनुदान का लाभ लिया गया है, उन्हें पुनः अनुदान अनुमान्य नहीं होगा।
- योजनान्तर्गत दुधारू पशु के निवास के लिए शेड, आवास आदि की व्यवस्था मनरेगा अभिसरण के तहत् की जाएगी।

**02 गाय की योजना :-**
- इस योजना में सिर्फ महिलाओं को आच्छादित किया जाना है।
- 90% के अनुदान की योजना सिर्फ दिव्यांग / आपदा / आगलगी / सड़क दुर्घटना / परित्यक्त से प्रभावित सभी ग्रामीण महिला को दिया जायेगा। (प्रमाण पत्र अनिवार्य)
- 75% के अनुदान की योजना सभी ग्रामीण महिला लाभुकों को लाभ दिया जायेगा।

**अन्य योजनाएं (पशुआहार एवं चारा विकास / प्रगतिशील डेयरी कृषकों की सहायता योजना) :-**
- 75 % के अनुदान की योजना सभी सामान्य वर्ग के महिला-पुरुष / स्वयं सहायता समूह / सहकारी समितियों के सदस्यों जो पूर्व से पशुधन गतिविधि से जुड़े को प्राथमिकता के आधार पर योजना का लाभ दिया जायेगा।
- 90% के अनुदान की योजना अनुसूचित जातियों के लाभुकों / दुग्ध सहकारी समिति को योजना से आच्छादित किया जाना है। (प्रमाण पत्र अनिवार्य)

नोट :- उपरोक्त योजनाओं के आवेदन करने एवं अधिक जानकारी हेतु संबंधित प्रखण्ड पशुपालन पदाधिकारी / भ्रमणशील पशु चिकित्सा पदाधिकारी / जिला गव्य विकास कार्यालय, हजारीबाग से सम्पर्क करेंगे।

जिला गव्य विकास पदाधिकारी,
हजारीबाग।

PR.NO.343499 Animal Husbandry(24-25):D

## सुविचार

**सबसे मुश्किल रास्ता वह होता है जब आपको अकेले चलना पड़ता है, लेकिन वही रास्ता आपको मजबूत भी बनाता है।**

## थोड़ी खुशी, थोड़ा गम, सभी स्कूलों में हों सुविधाएं

**स्कूली** शिक्षा और साक्षरता विभाग की ओर से संचालित डेटा एग्रीगेशन प्लैटफॉर्म यूनिफाइड डिस्ट्रिक्ट इन्फॉर्मेशन सिस्टम फॉर एजुकेशन (UDISE) प्लस की ताजा रिपोर्ट देश के स्कूली इन्फ्रास्ट्रक्चर में हुए सुधार के साथ ही उन अहम दिक्कतों की भी झलक देती है, जिन्हें दूर किया जाना बाकी है। रिपोर्ट में यह बात स्थापित होती है कि बुनियादी सुविधाओं की स्थिति बेहतर हुई है। करीब 90% स्कूलों में बिजली और जेंडर स्पेसिफिक टॉयलेट जैसी सुविधाएं हैं। लेकिन अगर डिजिटल सुविधाओं की बात की जाए तो स्कूलों के बीच गहरी खाई दिखती है। मसलन, फंक्शनल कंप्यूटर महज 57.2% स्कूलों में उपलब्ध है और 53.9% स्कूलों के पास इंटरनेट ऐक्सेस है। हालांकि, इस मामले में पिछले वर्षों में हुई प्रगति का अंदाजा इस तथ्य से होता है कि 2021-22 की UDISE प्लस रिपोर्ट के मुताबिक 66% स्कूलों में इंटरनेट कनेक्शन नहीं थे। यह तथ्य भी गौर करने लायक है कि देश में पिछले साल के मुकाबले स्कूलों की संख्या तो बढ़ी है, लेकिन एनरोलमेंट में गिरावट देखी गई है। जहां स्कूलों की संख्या 14.66 लाख से बढ़कर 14.71 लाख हो गई वहीं इनमें होने वाला स्टूडेंट्स एनरोलमेंट 25.17 करोड़ से घटकर 24.80 करोड़ हो गया। यह गिरावट कमोबेश सभी कैटिगरीज - लड़के लड़कियां, ओबीसी, अल्पसंख्यक आदि- में है। जहां तक ड्रॉपआउट यानी स्टूडेंट्स के स्कूल छोड़ने के मामलों की बात है तो इसमें सेकंडरी स्टेज में होने वाली बढ़ोतरी ध्यान देने लायक है। मिडल स्कूलों में जो ड्रॉपआउट दर 5.2% है, वह सेकंडरी स्टेज में आकर 10.9% तक पहुंच जाती है। जानकारों के मुताबिक, इसके पीछे OBC और SC/ST कैटिगरी के स्टूडेंट्स को दाखिले के डॉक्युमेंटेशन प्रॉसेस के दौरान होने वाली मुश्किलों और प्री-मैट्रिक व पोस्ट-मैट्रिक स्कॉलरशिप जैसी सुविधाओं की कमी का हाथ हो सकता है। एक और अहम पहलू है टीचर्स और स्टूडेंट्स के अनुपात यानी PTR का। इस मामले में विभिन्न राज्यों के बीच अंतर विशेष रूप से ध्यान खींचता है। एक तरफ झारखंड, बिहार और पश्चिम बंगाल जैसे राज्य हैं, जहां सेकंडरी लेवल पर PTR राष्ट्रीय शिक्षा नीति (NEP) के तय मानक यानी 30:1 से भी ज्यादा है तो दूसरी ओर असम, ओडिशा और कर्नाटक जैसे राज्य काफी पीछे नजर आते हैं। कुल मिलाकर, देश में स्कूली शिक्षा को बेहतर इन्फ्रास्ट्रक्चर उपलब्ध कराने की दिशा में किए जा रहे प्रयासों का असर दिखता है। लेकिन इस दौरान नई चुनौतियां भी उभर रही हैं, जिनकी अनदेखी नहीं की जा सकती। यूनिवर्सल एजुकेशन के लक्ष्य को ध्यान में रखें तो ड्रॉपआउट के ट्रेंड्स और PTR पर खास ध्यान देने की जरूरत है।

## लिखेंगे नई कहानी

**साल 2024** को अलविदा कहने के बाद 2025 की ओर देखते हुए हम इस बात पर राहत और सुकून महसूस कर सकते हैं कि आगे की राह चुनौतियों से खाली भले न हो, पर उम्मीद और विश्वास के दीप उसे रोशन कर रहे हैं।

**राजनीतिक स्थिरता :** 2024 में हुए लोकसभा चुनावों के नतीजे आने के बाद राजनीतिक अस्थिरता की जो आशंका बनी थी, साल के अंत तक वह खत्म हो गई। हरियाणा और महाराष्ट्र विधानसभा चुनावों के नतीजों ने जाहिर कर दिया कि BJP का दबदबा बना हुआ है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की लोकप्रियता बनी हुई है और इस बीच पार्टी ने कहा कि वह पीएम के तौर पर अपना तीसरा कार्यकाल भी पूरा करेंगे।

**विकास की निरंतरता :** जहां तक देश के आर्थिक विकास की रफ्तार का सवाल है तो यह सही है कि हाल में इसमें थोड़ी कमी आई है। साल 2024-25 की दूसरी तिमाही में यह 5.4 फीसदी पर आ गई जो पिछली सात तिमाहियों का सबसे निचला स्तर है। लेकिन गौर करने की बात है कि यह चुनावी साल था। लिहाजा सरकारी खर्च में कमी एक बड़ा फैक्टर रही। जानकार मानते हैं कि तीसरी और चौथी तिमाहियों में यह रफ्तार तेज होगी। वैसे भी रिजर्व बैंक का अनुमान है कि 2024-25 में देश की सालाना बढ़ोतरी दर 6.6 फीसदी रहेगी, जो दुनिया की बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में सबसे ज्यादा है। खास बात यह कि अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (IMF) के मुताबिक 2025 में भारत जापान को पीछे छोड़ते हुए दुनिया की चौथी सबसे बड़ी इकॉनमी बन सकता है।

**रोजगार, स्वास्थ्य की चुनौतियां :** विकास के बावजूद कई मोर्चों पर देश में चुनौतियां भी हैं। जॉबलेस ग्रोथ का आरोप भले पूरी तरह सच न हो, लेकिन युवाओं के लिए अच्छी नौकरी ढूंढना एक गंभीर समस्या है। आयुष्मान भारत स्कीम अच्छी योजना है, लेकिन उसके दुरुपयोग की खबरें भी आती रहती हैं। वहीं, इंश्योरेंस रेग्युलेटर X IRDAI की हाल में आई रिपोर्ट बताती है कि साल 2023-24 के दौरान हेल्थ इंश्योरेंस के 71.3 फीसदी दावे ही सेटल किए गए। जाहिर है नियामक को इसे गंभीरता से लेना होगा।

**अंतरराष्ट्रीय संबंध :** LAC से जुड़ा विवाद सुलझा लिए जाने के बाद अब नए साल में चीन के साथ रिश्तों में बेहतरी की उम्मीद बढ़ गई है। बांग्लादेश के हालात जरूर भारत के लिए कुछ चुनौती पेश कर रहे हैं, अमेरिका में डॉनल्ड ट्रंप की नीतियों को लेकर भी कुछ आशंकाएं हैं, फिर भी कुल मिलाकर साल 2025 युद्ध के बजाय शांति की संभावनाओं को मजबूती देता दिख रहा है। सो, आइए खुले दिल से और पूरे यकीन से कहें- हैपी न्यू ईयर।

# प्रयागराज के महाकुंभ नगर में सुविधाओं का संगम

महाकुंभ ऐसी महत्वपूर्ण तीर्थयात्रा है जो दुनियाभर से करोड़ों लोगों को प्रयागराज की ओर आकर्षित करती है। यह आयोजन हर 12 साल में होता है। वर्ष 2025 का महाकुंभ मेला इतिहास के सबसे बड़े समारोहों में से एक होने की उम्मीद है। इसकी सफलता के लिए उत्तर प्रदेश सरकार ने भी अभूतपूर्व काम किया है।

**मुकुंद**

प्रयागराज में 13 जनवरी को पौष पूर्णिमा से महाकुंभ की शुरूआत हो रही है। 14 जनवरी को मकर संक्रांति का दूसरा स्नान है। इसे शाही स्नान और अमृत स्नान भी कहते हैं। संगम के मेला क्षेत्र में महाकुंभ नगर सज-धजकर तैयार है। दुनियाभर से पहुंचने वाले लाखों-करोड़ों तीर्थयात्रियों को संचार संपर्क में असुविधा न हो, इसके लिए केंद्रीय दूरसंचार विभाग (डीओटी) ने व्यापक इंतजाम किए हैं। डीओटी ने संपूर्ण मेला क्षेत्र, प्रयागराज शहर और उत्तर प्रदेश के प्रमुख सार्वजनिक स्थानों में दूरसंचार के बुनियादी ढांचे को अपग्रेड किया है। भारत सरकार के पत्र एवं सूचना कार्यालय (पीआईबी) की वेबसाइट में उपलब्ध ब्यौरे के अनुसार, प्रयागराज शहरी क्षेत्र में 126 किलोमीटर ऑप्टिकल फाइबर केबल बिछाया गया है। इसके अलावा 328 नए टावर स्थापित किए गए हैं। मजबूत और निर्बाध कनेक्टिविटी के लिए 1,462 मौजूदा बीटीएस इकाइयों का उन्नयन किया गया है। इसके अलावा 575 नए बेस ट्रांसीवर स्टेशन बनाए गए हैं।

यही नहीं अकेले मेला क्षेत्र में हाईस्पीड विश्वसनीय नेटवर्क कवरेज प्रदान करने के लिए 192 किलोमीटर ऑप्टिकल फाइबर केबल बिछाई गई है। 78 सीओडब्ल्यू (ट्रांसपोर्टेबल टावर) से मेला क्षेत्र को कवर किया गया है। यह सुनिश्चित किया गया है कि रेलवे स्टेशन, बस स्टेशन और हवाई अड्डों में दूरसंचार सेवा हर हाल में पूरी क्षमता से काम करे। प्रयागराज जनपद के सभी महत्वपूर्ण मार्गों पर भी ऐसी ही व्यवस्था की गई है। मेला क्षेत्र में 53 हेल्प डेस्क स्थापित किए गए हैं। यह डेस्क



संदिग्ध धोखाधड़ी, खोए या चोरी हुए मोबाइल फोन को ब्लॉक करने जैसी सेवा प्रदान करेंगे। मेला अवधि के दौरान आपातकालीन अलर्ट, आपदा चेतावनी और सामान्य सार्वजनिक जागरुकता संदेश भेजने के लिए सेल ब्रॉडकास्ट अलर्ट सुविधा और कॉमन अलर्टिंग प्रोटोकॉल (सीएपी) एकीकृत प्लेटफार्म की व्यवस्था की गई है। चारों दूरसंचार सेवा प्रदाता यानी एयरटेल, बीएसएनएल, जियो और वीआई संचालित तीन आपदा प्रबंधन केंद्र भी बनाए गए हैं। मेला क्षेत्र में स्थापित इन केंद्रों को प्राकृतिक या मानव निर्मित आपदा की स्थिति में महत्वपूर्ण संचार चैनल प्रदान करने के लिए नवीनतम तकनीक से लैस किया गया है।

महाकुंभ ऐसी महत्वपूर्ण तीर्थयात्रा है जो दुनियाभर से करोड़ों लोगों को प्रयागराज की ओर आकर्षित करती है। यह आयोजन हर 12 साल में होता है। वर्ष 2025 का महाकुंभ मेला इतिहास के सबसे बड़े समारोहों में से एक होने की उम्मीद है। इसकी सफलता के लिए उत्तर प्रदेश सरकार ने भी अभूतपूर्व काम किया है। योगी सरकार ने महज चार माह में बेहतरीन सुविधाओं वाला दिव्य और भव्य शहर (महाकुंभ नगर) बसा दिया है। सड़कों का जाल बिछाया गया है। इनकी कुल लंबाई 300 किलोमीटर है। एक किलोमीटर लंबाई के 30 फ्लोटिंग पुल भी बांधे गए हैं। पेयजल और सीवेज जैसी सुविधाएं जुटाई गई हैं। समृद्ध तीर्थयात्रियों के लिए फाइव स्टार डोम और जरूरतमंदों के लिए डॉरमेटरी की सुविधा का ख्याल रखा गया है। महाकुंभ नगर में आंखों का अस्पताल भी होगा। मेला प्रशासन का कहना है कि यह दुनिया का अब तक का सबसे बड़ा अस्थायी अस्पताल होगा। यहां 45 दिन में पांच लाख मोतियाबिंद के ऑपरेशन करने का लक्ष्य तय किया गया है।

प्रयाग हिंदुओं के लिए सदियों से महत्वपूर्ण तीर्थस्थल है। परंपरागत तौर पर नदियों का मिलन बेहद पवित्र माना जाता है, लेकिन संगम पर यह मिलन बेहद अहम माना गया है। यहां गंगा, यमुना और सरस्वती का अद्भुत मिलन होता है। पौराणिक कथाओं के अनुसार, भगवान विष्णु अमृत से भरा कुंभ (बर्तन) लेकर जा रहे थे। असुरों से छीना-झपटी में अमृत की चार बूंदें छलक कर गिर गईं। यह बूंदें प्रयाग, हरिद्वार, नासिक और उज्जैन रूपी तीर्थस्थानों में गिरीं। तीर्थ वह स्थान होते हैं जहां भक्तों को इस नश्वर संसार से मोक्ष की प्राप्ति होती है। ऐसे में जहां-जहां अमृत की बूंदें गिरीं वहां तीन-तीन साल के अंतराल पर बारी-बारी से कुंभ मेले का आयोजन होता है। इन तीर्थों में भी संगम को तीर्थराज के नाम से जाना जाता है। संगम में हर 12 साल पर महाकुंभ का आयोजन होता है।

प्रयागराज में संगम वह स्थान है जहां गंगा का मटमैला पानी यमुना के हरे पानी में मिलता है। यहीं मिलती है अदृश्य मानी जाने वाली सरस्वती नदी। वैसे तो यह अदृश्य नदी है पर माना जाता है कि वह भू-गर्भ में बहती है । संगम को अकबर के किले के परकोटे से भी देखा जा सकता है। पवित्र संगम पर दूर-दूर तक पानी और गीली मिट्टी के तट फैले हैं। धर्मपरायण हिंदू के लिए संगम में एक डुबकी जीवन को पवित्र करने वाली मानी जाती है। कुंभ और महाकुंभ पर संगम जीवंत हो उठता है।

# साल 2025 में मनुष्य और तकनीक के संबंधों को लेकर उभरती चिंताएँ

सोशल मीडिया और अन्य डिजिटल प्लेटफॉर्म के जरिए झूठ का प्रसार सामाजिक, राजनीतिक और आर्थिक व्यवस्था को नुकसान पहुँचाएगा। कुछ संभावित उपाय नागरिक स्वतंत्रता में बाधा डाल सकते हैं। ऑनलाइन झूठ, गलत सूचना और गलत सूचना का बेकाबू प्रवाह विभाजनकारी, खतरनाक और विनाशकारी है। स्वास्थ्य निगरानी, कार्य-निगरानी और सुरक्षा समाधान जो लागू किए जा सकते हैं।

**प्रियंका सौरभ**

वर्ष 2025 के बारे में चाहे किसी ने आशावादी या निराशावादी विचार व्यक्त किए हों, मगर ये सच है कि इन चिंतकों ने मनुष्य और डिजिटल तकनीकों के निकट भविष्य के लिए अपनी चिंताओं को भी व्यक्त किया है। उनकी ज्यादातर चिंताएँ प्रौद्योगिकी कंपनियों की बढ़ती शक्ति पर केंद्रित हैं जो लोगों के जीवन में सूचना प्रवाह को नियंत्रित करती हैं और व्यक्तियों की गोपनीयता और स्वायत्तता से समझौता करने की उनकी क्षमता पर केंद्रित हैं।

इसकी बहुत कम संभावना है कि बाजार पूंजीवाद और मुनाफा कमाने को प्राथमिकता बनाने की प्रतिस्पर्धी अनिवार्यता को बदलने में सफल होगा। सोशल मीडिया और अन्य डिजिटल प्लेटफॉर्म के जरिए झूठ का प्रसार सामाजिक, राजनीतिक और आर्थिक व्यवस्था को नुकसान पहुँचाएगा। कुछ संभावित उपाय नागरिक स्वतंत्रता में बाधा डाल सकते हैं। ऑनलाइन झूठ, गलत सूचना और गलत सूचना का बेकाबू प्रवाह विभाजनकारी, खतरनाक और विनाशकारी है। स्वास्थ्य निगरानी, कार्य-निगरानी और सुरक्षा समाधान जो लागू किए जा सकते हैं, वे बड़े पैमाने पर निगरानी का विस्तार करेंगे और मानवाधिकारों को खतरे में डालेंगे।



टेलीवर्क के कारण अधिक व्यावसायिक प्रणालियों और प्रक्रियाओं के तेज स्वचालन से मनुष्यों के लिए उपलब्ध नौकरियों की संख्या कम हो रही है। इसके अतिरिक्त इतने ज्यादा अलगाव के समय में लोगों के मानसिक स्वास्थ्य पर बुरा प्रभाव पड़ा है।

मुझे लगता है कि बिगड़ती आर्थिक स्थिति, नागरिक अशांति, अनिश्चित दीर्घकालिक महामारी परिणामों के संगम से प्रौद्योगिकी से सम्बंधित नुकसान और दुरुपयोग की संभावना अधिक है, विशेष रूप से तब जब उत्पाद, जोखिम मूल्यांकन आदि पर कम कठोरता के साथ बाजार में आते हैं। तकनीक हमारे जीवन में और भी व्यापक हो जाएगी, हर पहलू में। यह काम, ज्यादा विकल्प और बेहतर सेवा को सक्षम करेगा, लेकिन इसकी बहुत अधिक कीमत चुकानी पड़ेगी। निगरानी में वृद्धि, गोपनीयता की हानि, अधिक जोखिम-व्यक्तियों और राजनीतिक प्रणालियों दोनों के लिए घातक होगा। बिगड़ती आर्थिक स्थिति, नागरिक अशांति, अनिश्चित दीर्घकालिक महामारी के परिणामों का गठजोड़ प्रौद्योगिकी से सम्बंधित नुकसान और दुरुपयोग की ओर ले जाने की अधिक आशंका है। बहुत कम या बिना किसी पारदर्शिता, जवाबदेही या निगरानी के साथ काम करने वाली प्रौद्योगिकी कंपनियों की विशाल और काफी हद तक अनियमित शक्ति चिंताजनक है। साल 2025 आर्थिक, स्वास्थ्य और कल्याण कारकों के आधार पर औसत व्यक्ति के लिए बदतर होगा जिसके परिणामस्वरूप बढ़े हुए कर्ज, कम बचत, कम वेतन वृद्धि जैसे प्रभाव होंगे।

विशेषज्ञों का कहना है कि वर्ष 2025 कहीं ज्यादा तकनीक-चालित होगा और ज्यादा बड़ी चुनौतियाँ पेश करेगा। लोगों के पास काफी कम दोस्त होंगे, क्योंकि नियमित रूप से व्यक्तिगत संपर्क की कमी के कारण रिश्ते कम होते जा रहे हैं। युगल और एकल परिवार पर कुछ हद तक नव-परंपरावादी गहन ध्यान केंद्रित होगा जो कि काफी हद तक दमघोंटू होगा। जीवन अधिक तकनीक-संचालित होगा, जिससे और भी बड़ी चुनौतियाँ सामने आएंगी। लोग अच्छे और बुरे के लिए तेजी से विकसित हो रहे डिजिटल उपकरणों पर अधिक निर्भरता विकसित कर लेंगे। व्यापक सामाजिक परिवर्तन से ज्यादातर लोगों के लिए जीवन बदतर हो जाएगा क्योंकि अधिक असमानता, बढ़ता सत्तावाद और बड़े पैमाने पर गलत सूचनाएँ समाज पर हावी हो रही हैं। सामाजिक और नस्लीय असमानता बढ़ने, सुरक्षा और गोपनीयता के बिगड़ने और गलत सूचना के और अधिक फैलने की आशंका है।

**(लेखिका, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)**

# अपने दिमाग की सेहत को कैसे सुधारे

**अध्यात्म**

हमस्तिष्क हमारे शरीर का बहुत ही उपयोगी अंग है। इसकी सुरक्षा हमारे जीवन की सुरक्षा है किन्तु हममें से कितने हैं, जो इसका ठीक प्रकार उपयोग करते हैं? अधिकांश मनुष्य अज्ञानतावश मस्तिष्क का दुरुपयोग करते हैं और उसकी महान सामर्थ्य के द्वारा प्राप्त होनेवाले आश्चर्यजनक परिणामों से वंचित रह जाते हैं।

मस्तिष्क को विषाक्त बनाकर कुंठित कर देनेवाले कारणों में ह्यचिन्ताह्ण प्रमुख है। कहते हैं कि चिन्ता चिता के समान है, जो जीवित मनुष्य को जला देती है। चिन्ता के कारण मस्तिष्क में गर्मी बहुत बढ़ जाती है और वह वहां की स्निग्धता, सरलता एवं कोमलता को नष्ट करके दाह एवं उष्णता उत्पन्न करती है। चिन्ताशील मनुष्य का मस्तिष्कीय परीक्षण करने पर पाया गया है कि श्वेत बालुका और पीत पदार्थ (ग्रे मैटर) सूखकर कड़े और ठोस हो जाते हैं। समस्त शरीर का शासन दिमाग द्वारा होता है, जब शासन-कर्ता जीर्ण-शीर्ण हो रहा हो तो राज्य में अव्यवस्था फैल जाना स्वभाविक है, चिन्ता-ग्रस्त और निर्बल मस्तिष्कवाले शरीर का रोगी और दुर्बल होना स्वाभाविक है। ऐसे मनुष्य अधिक दिन जी सकेंगे, इस पर कौन विश्वास करेगा?

जलन, गर्मी और खुश्की के कारण प्राण-प्रद पदार्थ (ऑक्सीजन) जलते हैं और वे विषाक्त वायु (कार्बन) के रूप में परिणत हो जाते हैं। फिक्र के कारण भुनते हुए मस्तिष्क में से विषैले पदार्थों का आविर्भाव होता है और वे पदार्थ रक्त के साथ मिलकर शरीर की अन्य धातुओं को भी विषैला कर देते हैं। पहले ही दिन वे मंदाग्नि उत्पन्न करते हैं और क्रमशः अन्य रोगों को बुलाते हुए अन्ततः संग्रहणी, कुष्ठ, क्षय, मधुमेह, प्रमेह या ऐसे ही अन्य भयंकर रोगों तक को उत्पन्न करा लेते हैं। लोग अपनी विपत्ति को उस खुर्दबीन शीशे से देखते हैं, जिसमें से छोटी-सी चीज कई गुनी होकर दिखाई पड़ती है। इस दुनिया में तिल को ताड़ बनानेवाले बहुत हैं। जरा से कष्ट के मारे घबरा जाते हैं और चिन्ता के समुद्र में डुबकियां लेने लगते हैं। यह बड़ी ही दयनीय अवस्था है। घबराहट एक स्वतंत्र विपत्ति है, वह अपने कुटुम्ब को साथ लेकर आती है और ऐसी अव्यवस्था पैदा करती है कि मनुष्य यह भी ठीक तरह निर्णय नहीं कर पाता कि अब क्या करना चाहिए? उल्टा उपाय करने से कष्ट और भी बढ़ जाता है। देखा गया है कि मामूली से रोग से घबराकर लोग चारों ओर दौड़ते हैं और उल्टे-सीधे इलाज कराकर रोग के स्थान पर रोगी को ही मार डालते हैं।

हाय अब इस विपत्ति का निवारण न होगा। मेरी कोई सहायता न करेगा। मेरे लिए दुःख ही दुःख है। सफलता मेरे भाग्य में ही नहीं है। इस प्रकार के निराशाजनक विचार विपत्ति को दृढ़ बनाकर चिन्ता को स्थायी कर देते हैं। ऐसी अवस्था में अधिकांश लोग मानसिक आत्म-हत्या कर लेते हैं। कई भीमकर्मा शारीरिक आत्महत्या तक कर डालते हैं।

क्या विपत्ति के समय यही एक मार्ग हमारे लिए रह जाता है? कितने दुःख की बात है कि उल्टे रास्ते पर भटककर हम जरा से कारण को घातक बना लेते हैं। यथार्थ में सुख की तरह दुःख और संपत्ति की तरह विपत्ति जीवन में आनेवाली आवश्यक परिस्थितियां हैं। इनसे कोई बच नहीं सकता। सर्दी और गर्मी, दिन और रात्रि, मीठा और चरपरा दोनों ही विरोधी तत्व इस प्रकृति में हैं, जो अपने को इन दोनों को सहने योग्य बना लेता है, वह प्रसन्न रहता है। जो एक ही स्थिति में सदा रहना चाहता है, वह डरता है, दुखी होता है, घबराता है और मर जाता है। हमें अपने को सुदृढ़ बनाना चाहिए ताकि प्रतिकूल परिस्थितियों से डरने की अपेक्षा उनका सामना करें। भगवान कृष्ण का वह मंत्र इसी स्थान के लिए है- 'संतुष्टो येन केन चित्ह्ण' जैसी भी कुछ स्थिति हो, उसमें संतुष्ट रहो।

## सेहत

### विटामिन सी से भरपूर खाद्य पदार्थ



शरीर को बीमारियों से बचाने और बीमारियों से लड़ने के लिए इम्यून सिस्टम को मजबूत बनाने के लिए विटामिन सी की जरूरत होती है। विटामिन उ पानी में घुलने वाला जरूरी पोषक तत्व है, जो शरीर के सही ढंग से कार्य करने के लिए जरूरी है। यह एक एंटीऑक्सीडेंट के रूप में काम करता है, जो शरीर को फ्री रेडिकल्स से होने वाले नुकसान से बचाता है। चूंकि शरीर विटामिन उ का उत्पादन नहीं कर सकता, इसलिए हमें इसे खाने-पीने की चीजों से प्राप्त करना पड़ता है। विटामिन सी किसमें पाया जाता है? अक्सर यह माना जाता है कि नींबू में सबसे ज्यादा विटामिन सी पाया जाता है। लेकिन आयुर्वेद डॉक्टर दीक्षा भावसार का मानना है कि उन्हें तब हैरानी हुई, जब उन्हें पता चला कि नींबू में सबसे कम विटामिन उ होता है। उन्होंने विटामिन सी से भरपूर कुछ खाद्य पदार्थ बताए हैं। डॉक्टर ने बताया कि कुछ प्राकृतिक खाद्य पदार्थों में विटामिन उ अच्छी मात्रा में पाया जाता हैन जैसे आंवला, अमरूद, धनिया के पत्ते, कीवी, संतरे और यहां तक कि हरी मिर्च में। एस्कॉर्बिक एसिड की गोलियां खाने के बजाय इन खाद्य पदार्थों का सेवन करें।

**विटामिन सी की कमी के नुकसान**

- मसूड़ों से खून आना
- घाव भरने में देरी
- एनीमिया (सबसे अधिक सामान्य)

**थकान**

- चिड़चिड़ापन/उदासी (डिप्रेशन)
- बार-बार खरोंच आना या चोट लगना
- जोड़ों/मांसपेशियों में दर्द

मेट्रो रेज की ओर से स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक जीतेन्द्र कुमार सिंह के लिए जेके न्यूज नेटवर्क, पिपरटोली, अरगोड़ा, रांची 834002 (झारखंड) से प्रकाशित तथा शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा, पेट्रोल पंप रातू रोड, रांची , (झारखंड) से मुद्रित।
**प्रधान संपादक** : जीतेन्द्र कुमार सिंह, **संपादक** : लाल दिवाकर नाथ शाहदेव*, *पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 7369017908, R.N.I. No.-JHAHIN/2017/75028 **website : www.metrorays.in**
**email : metrorays.ranchi@gmail.com**

न्यूज ब्रीफ

## आमजन राहगीरों के लिए अलाव की व्यवस्था



**साहिबगंज:** बातें रात्रि जिला में बढ़ते ठंड और शीतलहर को देखते हुए नगर परिषद के सिटी मैनेजर वीरेश कुमार यादव के नेतृत्व में साहिबगंज के गांधी चौक के समीप नगर थाना,पुराना सदर अस्पताल,रेलवे स्टेशन के सामने मुख्य रोड व नया सदर अस्पताल परिसर में आमजन राहगीरों के लिए अलाव की व्यवस्था किया गया। जबकि स्थानीय लोगों ने कहते हुए कहा की जिला के सभी प्रखंडों में यह अलाव की व्यवस्था कि जानी चाहिए जिससे गरीब ग्रामीणो को ठंडा से राहत मिल सके।

## सड़क सुरक्षा के नियमों का उल्लंघन करने वाले के व्यवहार को बदलना है : मिथिलेश



**साहिबगंज :** जिला परिवहन विभाग साहिबगंज के द्वारा राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत जिला परिवहन पदाधिकारी मिथिलेश कुमार चौधरी के नेतृत्व में रोज ऐट रोड कार्यक्रम का आयोजन साहिबगंज जिले के सभी थाना क्षेत्र में किया गया।

इसका उद्देश्य सड़क सुरक्षा के नियमों का उल्लंघन करने वाले का सड़क सुरक्षा के प्रति व्यवहार को बदलना है ।जिसके लिए सभी वाहन चालकौ को गुलाब फुल और माला पहनाकर उन्हें जागरूक किया गया एवं बताया गया कि सड़क सुरक्षा के नियमों एवं सेफ्टी उपकरण जैसे हेलमेट सीटबेट आदि के साथ सड़क परिवहन के नियमों का पालन कर सड़क दुर्घटना से बचा एवं अपने-दूसरों का अनमोल जीवन को बचाया जा सके।इसके साथ चेतावनी भी दी गई कि आगे से सड़क सुरक्षा के मानक एवं सेफ्टी उपकरण का उपयोग के साथ नियमों का उल्लंघन करने पर एमभी एसीटी के अंतर्गत जुमार्ना लगाया जाएगा।साथ ही साथ हैंड बिल, बुकलेट, पंपलेट,एवं सभी योजनाओं के फॉर्म का वितरण किया गया। इस अवसर पर मोटरयान निरीक्षक अभिषेक मुंडा, जिला सड़क सुरक्षा प्रबंधक नीरज कुमार साह, रोड इंजीनियर एनालिस्ट अनुज पाराशर, आईटी सहायक राजहंस एवं सभी थाना प्रभारी एवं पुलिस बल उपस्थित रहे।

## राज्य में कार्य करने वाले मजदूर अपना निबंधन श्रम कार्यालय साहिबगंज में कराएं :धीरेन्द्र



**साहिबगंज :** प्रखण्ड विकास कार्यालय सदर के प्रखण्ड सभागार में प्रवासी श्रमिक से संबंधित कार्यशाला का आयोजन किया गया।श्रम अधीक्षक साहिबगंज धीरेन्द्र नाथ महतो के द्वारा बताया गया कि किसी अन्य राज्य में कार्य करने वाले मजदूर अपना निबंधन श्रम कार्यालय साहिबगंज में कराएं ताकि उनको योजनाओं से मिलने वाली लाभ से लाभान्वित किया जा सकेगा।

अब तक कुल निबंधित प्रवासी श्रमिकों की संख्या 13097 है। अन्य राज्य में दुर्घटना,सामान्य मृत्यु होने पर पार्थिव शरीर को लाने हेतु कुल 10 लाभुकों को 50,000/- रु० प्रति लाभुक मुहैया करा दिया गया।

कार्यशाला में श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी साहिबगंज गिरिश चंद्र प्रसाद,जिला परिषद् उपाध्यक्ष, सुनिल कुमार यादव, बी०ओ०सी क्लर्क विनोद राम, मुखिय, पंचायत सचिव, वार्ड सदस्य व अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

## उपायुक्त ने जनता दरबार के माध्यम से आमजनों की समस्याएं सुनी



**साहिबगंज :** आमजन की सुनवाई में कोई पदाधिकारी कोताही ना बरतें समाहरणालय स्थित अपने कार्यालय प्रकोष्ठ में उपायुक्त हेमंत सती ने जनता दरबार के माध्यम से आमजनों की समस्याएं सुनी। जनता दरबार में जिले के शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों ने अपनी समस्याओं से उपायुक्त को अवगत कराया। उपायुक्त महोदय ने उपस्थित गीता कुमारी, मेरी मेनका टुडू, ममता पासवान, पुष्पा कुमारी, सुनील मुर्मू, टुकटुकी देवी व अन्य लोगों से एक-एक कर उनकी समस्याएं सुनी। साथ ही उनके सामाधान को लेकर उन्हें आश्वस्त कराया। संज्ञान में आए हुए शिकायतों की जांच कराते हुए जल्द से जल्द समाधान करने की बात कही। गौरतलब है कि जनता दरबार के दौरान शिकायत के रूप में आए आवेदन विभिन्न विभागों व योजना से संबंधित थे।जनता दरबार में शिकायतकर्ता की समस्याएं को सुनने के पश्चात उपायुक्त महोदय ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को उनका समाधान करने को लेकर निर्देशित किया। सभी आवेदनों की भौतिक जांच करते हुए उसका समाधान जल्द से जल्द सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई करते हुए प्रतिपुष्टि उपायुक्त कार्यालय को समर्पित करें।

# चोरों का मनोबल बढ़ा बैंक मैनेजर के बाद शिक्षक के घर को बनाया निशाना

मेट्रो रेज संवाददाता

**साहिबगंज:** इन दिनों छापा मार चोर गिरोह के सक्रिय होने के कारण लगातार चोरी का वारदात प्रत्येक थाना क्षेत्र में चोरी बढता नजर आ रहा है ।हालांकि जिरवाबाडी थाना क्षेत्र अंतर्गत गोराबाड़ी हटिया के समीप स्थित एक बंद मकान में चोरों ने भीषण चोरी की वारदात को अंजाम दिया। लाखों की चोरी मामले में अज्ञात चोरों ने डेढ़ लाख रूपए नकद, दो लैंपटॉप एक टैब, ढाई सौ ग्राम सोने एवं चांदी के आभूषण की चोरी मामले की जानकारी मकान मालिक के कोलकाता से गुरुवार की रात घर पहुंचते ही मिली। दरअसल संत जेवियर स्कूल के शिक्षक पुण्य गौरव अपनी मां व छोटे भाई के साथ 25 दिसंबर को कोलकाता गए थे। गुरुवार की रात लगभग 9:30 बजे जब वापस घर पहुंचे तो चोरी का खुलासा हुआ। चोरों ने उनके घर के भाड़ेदारों के फ्लैट को भी निशाना बनाया। प्रथम तल्ला व दूसरे तल्ले पर रहने वाली कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय की शिक्षकों के घरों में भी भीषण चोरी की है। बताया जाता है कि चोर लैपटॉप, कैश व जेवरात सहित लाखों के सामान की चोरी कर ली। वही सूत्रों की मानें तो यह चोर गिरोह कुडा चुनने के बहाने हरेक गल्ली मुहल्ले में जा जा कर देखता है। की कौन -कौन सी मकान मे ताला लगा हुआ है इसकी सूचना अपने गिरोह के सदस्य को देता है । और तो और रात के समय टोटो से भी रैकी भी किया जाता है । इसमे पुलिस प्रशासन की तैनाती के बावजूद भी बडे ही साफ सफाई से चोरी को अंजाम दिया जाता रहा है । वहीं दूसरी ओर जीरवाबाडी थाना क्षेत्र प्रभारी अमित गुप्ता के द्वारा बहुत ही बारीकी से तहकीकात करते नजर आए । उन्होंने कहा कि चोर गिरोह कितने भी सातीर हो जाय प्रशासन से बड कर नही है ।



## 5 जनवरी को मनाया जाएगा सोहराय पर्व

दुमका : दिसोम मांझी थान दुमका प्रांगण में शुक्रवार को विशाल मारंडी दिसोम मांझी की अध्यक्षता में किया गया। बैठक में 05 जनवरी 2025 को दिसोम सोहराय पर्व की तैयारी को लेकर चर्चा किया गया एवं धूम धाम से मनाने का निर्णय लिया गया । इस अवसर पर संताल परगना से भारी संख्या में आतो होड़, मांझी बाबा आने की उम्मीद है। सभी को पारंपरिक वेश भूषा में आने को कहा गया। इस दिन 07 बजे से गॉड पूजा

12.30 से अतिथि स्वागत 1.30 से प्रसाद जोम और नाच गान करने का निर्णय लिया गया. बैठक में सुरेश चंद्र सोरेन, बीनीलाल टुडू, निलेश हांसदा, सीताराम सोरेन, स्टेनली हेंब्रम, बैजनाथ हांसदा, अमर मारंडी,लेंद मुर्मू, मोहन टुडू, आदि उपस्थित थे।

# भारत के प्रथम शिक्षिका माता सावित्री बाई फूले थी : शेखर



### देवी माता सावित्री बाई फूले की 194 वा जयंती समारोह मनाया

**साहिबगंज:** दहिया टोला स्थित अंबेडकर भवन साहेबगंज में अंबेडकर संस्था की ओर से ज्ञान की देवी माता सावित्री बाई फूले की 194 वा जयंती समारोह मनाया गया ।इस अवसर पर माता सावित्री बाई फूले के तस्वीर पर माल्यार्पण व मोमबत्ती जलाकर कार्यक्रम की आरंभ किया गया ।कार्यक्रम में शेखर पासवान जी ने कहा की माता सावित्री बाई फूले का शिक्षा के क्षेत्र में योगदान भूला नही जा सकता आदित्य नारायण ने अपना वक्तव्य में कहा भारत के समस्त बच्चे बच्चियों को माता सावित्री बाई फूले के द्वारा महिला शिक्षा के प्रति योगदानो को अवगत करना अनिवार्य है। नवल पासवान ने कहा की भारत के प्रथम शिक्षिका माता सावित्री बाई फूले थी। फूले अंबेडकरी मिशन के सिपाही अनिल पासवान ने कहा -बाल विवाह एवं पाखंड अंधविश्वास के खिलाफ माता सावित्री बाई फूले ने बिगुल फूका ।कार्यक्रम में उपस्थित अनिल पासवान, आदित्य नारायण ,श्याम दास, नवल किशोर पासवान, शेखर पासवान, अजमत अंसारी, सत्य प्रकाश, शाहिद नतीम, धीरेन्द्र पासवान, विजय पासवान, गणेश हरि, महेंद्र पासवान एवं दर्जनो लोग उपस्थित हुए।

# कुपोषण से ग्रसित लोगों में विटामिन, मिनरल्स की कमी होती है. डॉ सुनील कुमार सिंह

मेट्रो रेज संवाददाता



**दुमका :** जिले के जरमुंडी प्रखंड के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ सुनील कुमार सिंह ने एक विशेष भेंट में कहा कि कुपोषण से ग्रसित लोगों में विटामिन, मिनरल्स और दूसरे पदार्थो की कमी होती है जो शरीर के सही तरह से काम करने के लिए बेहद जरूरी है. कुपोषण स्वास्थ्य की वह स्थिति है जो पोषक तत्वों की कमी के कारण होती है. स्वस्थ रहने के लिए भोजन हमें ऊर्जा और पोषक तत्व प्रदान करता है. जब आवश्यक मात्रा में पोषक तत्व नहीं मिलते, तो शरीर का ठीक तरह से विकास नहीं हो पाता है. गलत खानपान की आदत तथा खाने में जरूरी पोषक तत्वों के न होने के कारण भी यह समस्या होती है. दुनिया भर में लोग इस परेशानी से जूझ रहे हैं. कई जगहों पर वहां के पर्यावरण और जीवन शैली के कारण इसके होने की संभावना अधिक होती है. प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ.सुनील ने आगे बताया कि कुपोषण का तात्पर्य है पोषक तत्वों के सेवन में कमी या अधिकता; आवश्यक पोषक तत्वों का असंतुलन या पोषक तत्वों का अक्षम उपयोग, कुपोषण के दोहरे बोझ में अल्प पोषण और अधिक वजन व मोटापा दोनों शामिल हैं; इसके साथ ही, इसमें आहार संबंधी गैर- संचारी रोग भी शामिल है. अल्प पोषण 4 व्यापक रूपों में प्रकट होता है- वेस्टिंग(हं२३ल्लॅ), स्टंटिंग, अल्प भजन और सूक्ष्म पोषक तत्वों की कमी. वेस्टिंग - इसे कद के अनुरूप कम वजन के रूप में परिभाषित किया गया है. स्टं टिंग - इसे आयु के अनुरूप निम्न कद या लंबाई के रूप में में परिभाषित किया गया है. अल्प वजन(वल्लीी१ ध्ीें३)- इसे आयु के अनुरूप कम वजन के रूप में परिभाषित किया गया है. प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. सुनील ने आगे बताया कि एनीमिया(अल्ल्रीं),जिसे हीमोग्लोबिन की कमी भी कहा जाता है;5 वर्ष से कम आयु के 67% बच्चों को प्रभावित करता है. एनीमिया(अल्ल्रीं) महिलाओं में व्यापक रूप से पाया जाता है. बहुत से लोग पोषण के महत्व या इसे सुनिश्चित करने के सर्वोत्तम तरीकों के बारे में जागरूक नहीं है.

# कृषकों का प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न

मेट्रो रेज संवाददाता

**दुमका** : आत्मा सभागर दुमका में शुक्रवार को योजनान्तर्गत कृषकों का प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में जिला उद्यान पदाधिकारी गौतम कुमार, अग्रणी बैंक प्रबंधक पटेल जी. परियोजना निदेशक आत्मा संजय कुमार मंडल, कनीय पौधा संरक्षण पदाधिकारी शुभांकर गुप्ता, प्रखंड तकनीकी प्रबंधक, दुमका दीपक चन्द्र साह तथा दुमका जिले के विभिन्न प्रखंडों के कृषकगण उपस्थित हुये।

आत्मा के परियोजना निदेशक द्वारा इस प्रशिक्षण कार्यक्रम से संबंधित विस्तृत जानकारी प्रदान की। उन्होने बताया कि टारगेटिंग राइस फॉलो एरियाज (ळफ्फ्रक्ष्) फ्क्ष् योजना की एक उप योजना है जो कि चावल उत्पादित क्षेत्रों में दालों एवं तिलहन की खेती को बढ़ावा देती है। राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन में तिलहन फसलों के लिए ळफ्फ्रक्ष् नामक एक घटक भी शामिल है। इस योजना के अन्तर्गत कृषकों को चना, मसुर, सरसों आदि बीज कृषकों को प्रत्यक्षण हेतु निशुल्क उपलब्ध कराया जाता है। प्रत्यक्षण का मकसद यह है कि कृषक इन बीजों को उन्नत तकनीक द्वारा अपने खेत में लगाये। इसमें बीज का उपचार, बीजों की उचित दूरी पर बुवाई एवं बीजों को पंक्ति में लगाने की सलाह दी जाती है। इस योजना के तहत कृषकों को अनुदानित दरों पर कृषि यंत्र (पंपसेट, रोटाभेटर, पावर स्प्रेयर, पाईप, थ्रेसिंग फ्लोर का निर्माण) का वितरण 50% अनुदान पर की जाती है।



जिला उद्यान पदाधिकारी गौतम कुमार द्वारा उद्यान विभाग से संचालित योजनाओं के बारे में जानकारी दी। उन्होंने फूलों की खेती को बढ़ावा देने हेतू कृषकों द्वारा आवेदन भी भरवाया। सब्जी की खेती करने के लिये भी कृषकों को प्रेरित किया।

अग्रणी बैंक प्रबंधक पटेल जी द्वारा किसानों को किसान क्रेडिट कार्ड एवं बैंक द्वारा दी जाने वाली अन्य योजनाओं के बारे में भी विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उन्होने बताया कि किसान क्रेडिट कार्ड द्वारा ली गई ऋण को अगर सही समय में चुकता कर दिया जाय तो इसमें मात्र 4% व्याज लगता है। उन्होंने कृषकों द्वारा पूछे गये बैंक से संबंधित प्रश्नों का भी उत्तर दिया।

कनीय पौधा संरक्षण पदाधिकारी शुभांकर गुप्ता द्वारा पौधों में लगने वाले कीट एवं उनकी रोकथाम एवं रोग व्याधि के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उनके विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं के बारे में विस्तृत चर्चा की। सर्वप्रथम दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।

# द्रोणाचार्य क्रिकेट क्लब ने 21 रनों से दर्ज की जीत

**साहिबगंज:** जिला क्रिकेट संघ के तत्वाधान में सिदो-कान्हू स्टेडियम में चल रहे सीनियर क्रिकेट लीग टूनामेंट के एक मैच में शुक्रवार को कंबाइंड इलेवन वन बनाम द्रोणाचार्य क्रिकेट क्लब के बीच मैच खेला गया। कंबाइंड इलेवन वन ने टॉस जीत कर पहले गेंदबाजी करने का निर्णय लिया। द्रोणाचार्य क्रिकेट क्लब ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 23 ओवर में 135 रन बना कर ऑल आउट हो गई। सुधांशु रंजन ने 26, अनिकेत आनंद ने 18, रवि कुमार ने 15, दीपक कुमार 12, आनंद ने 17, मो राशिद में 15 बनाए। कंबाइंड इलेवन वन के अमित राज ने 3, शहादत शेख ने 4 व हसीबुल इस्लाम ने 3 विकेट लिए। जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी कंबाइंड इलेवन वन की टीम 26.3 ओवर में 114 रन बना कर ऑल आउट हो गई। हसीबुल इस्लाम ने 32, अमित बढ़ाई ने 20, अमित राज ने 17, दीपक रजक ने 14 ने बनाए। द्रोणाचार्य क्रिकेट क्लब के गेंदबाज प्रशांत ने 2, मो जुनैद ने 5, रवि ने 2, राशिद ने 01 विकेट लिया। द्रोणाचार्य क्रिकेट क्लब ने 21 रनों से जीत दर्ज की। द्रोणाचार्य क्रिकेट क्लब के खिलाड़ी मो जुनैद को मैन ऑफ दी मैच घोषित किया गया। मुख्यातिथि जिला क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव अंकुर सिन्हा ने जुनैद को मैन ऑफ दी मैच की ट्रॉफी से पुरस्कृत किया। मैच में अंपायरिंग राकेश कुमार रोशन व प्रभाकर सिंह उर्फ गुड्डा एवं स्कोरिंग केएस सौरभ ने किया। मौके पर टूनामेंट इंचार्ज मो अशफाक आलम, चंदन कुमार, आदित्य, सतीश सिन्हा, गोपाल सिंह, सागर सुमन मौजूद थे। टूनामेंट इंचार्ज मो अशफाक आलम ने बताया शनिवार को न्यूबीज बनाम कंबाइंड इलेवन टू के बीच मैच खेला जाएगा।

# सड़क सुरक्षा माह के तहत किया गया कार्यक्रम का आयोजन

मेट्रो रेज संवाददाता

**दुमका:** सड़क सुरक्षा माह के तहत जिला परिवहन पदाधिकारी जयप्रकाश करमाली के नेतृत्व व निर्देशन में शुक्रवार को सड़क सुरक्षा समिति के सदस्यों व सड़क सुरक्षा कोषांग के कर्मियों ने (डीसी चौक) पर बिना हेलमेट और बिना सीट बेल्ट दो पहिया एवं चार पहिया वाहन चालकों को गुलाब का फूल भेंट कर उन्हें उनकी गलतियों का आभाष दिलाते हुए भविष्य में बिना हेलमेट बाइक ड्राइविंग न करने की सलाह दी गई और उन्हें उन्मुख किया गया, वहीं दूसरी ओर मोटरसाइकिल में हेलमेट रहते हुए भी ड्राइविंग के दौरान हेलमेट के न प्रयोग करने पर उन्हें चेतावनी दी गई और मोटर व्हीकल एक्ट के तहत जुमार्ना के प्रावधान से उन्हें वाकिफ कराया गया। चारपहिया वाहन में सीट बेल्ट के प्रयोग पर ध्यान देते हुए चालकों को दुर्घटनाओं से अवगत कराया गया। बिना हेलमेट तकरीबन डेढ़- दो सौ बाइक सवारों को रोककर सड़क सुरक्षा के नियमों से उन्हें भली भांति अवगत कराया गया।

जिला परिवहन पदाधिकारी जयप्रकाश करमाली की अगुवाई में सड़क सुरक्षा समिति के सदस्यगण यथा- डॉ0 मनोज कुमार घोष, डॉ0 अमरेन्द्र सुमन, नीलकंठ झा, रमण कुमार वर्मा, अरुण कुमार सिंह, प्रदीप्त मुखर्जी, प्रधान सहायक जिला परिवहन विभाग दुमका त्रिलोकीनाथ मिश्रा, सड़क सुरक्षा कोषांग के जिला प्रबंधक दीपक कुमार,कर्मी मनोज उरांव अमित कुमार , ने सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान में भाग लिया।



इस अवसर पर जिला परिवहन पदाधिकारी ने कहा कि आज कल छोटे छोटे उम्र के बच्चे बिना ड्राइविंग लाइसेंस, हेलमेट के ही वाहनों की ड्राइविंग करते हैं जो नियमानुसार अपराध है। इतना ही नहीं एक हाथ से बाइक की हैंडल और दूसरे हाथ में मोबाइल से बातें करते हुए भी उन्हें वाहनों की ड्राइविंग करते हुए देखा जाता है, जो दुर्घटना का सबसे बड़ा कारण है। ड्राइविंग के दौरान हेडफोन पर गाने सुनना और बाइक चलाना दुर्घटनाओं को आमंत्रित करने जैसा है। उन्होंने अभिभावकों से अपील करते हुए कहा कि जब तक उनके बच्चे निर्धारित उम्र के नहीं हो जाते, किसी भी सूरत में उनके हाथों में बाइक न दें। उन्होंने कहा कि बिना लाइसेंस के बाइक या चार पहिया वाहन या फिर अन्य तरह के वाहन परिचालन के लिए उन्हें प्रोत्साहित न करें। इस दौरान पुलिसकर्मियों, अधिवक्ताओं को भी बिना हेलमेट वाहन की ड्राइविंग पर टोका गया और सचेत किया गया। कई कम उम्र के बच्चों ने अपना अपराध स्वीकार करते हुए आगे ऐसी गलती न दुहराने का संकल्प लिया।



## संतोष नारायणन ने शेयर किया सलमान खान के साथ काम करने का अनुभव


**साजिद** नाडियाडवाला की 'सिकंदर' के पावर-पैक टीजर ने रिलीज होते ही हर किसी को चौंका दिया। जहां टीजर ने सलमान खान की बेहतरीन स्वैग को एक बार फिर सबके सामने पेश किया, वहीं इसकी जबरदस्त बैकग्राउंड म्यूजिक (बीजीएम) को दर्शकों से शानदार प्रतिक्रिया मिली। इस आकर्षक बीजीएम के निमार्ता संतोष नारायणन, जो अपने काम को लेकर बेहद उत्साहित हैं, ने टीम के साथ काम करने के अपने अनुभव को शेयर किया। हाल ही में एक इंटरव्यू में जब उनसे पूछा गया कि 'सिकंदर' के बीजीएम को मिल रही जबरदस्त प्रतिक्रिया पर वह कैसा महसूस कर रहे हैं, तो उन्होंने कहा, ₹मैं बेहद आभारी हूं और खुशी से भरा हूं कि संगीत दर्शकों के साथ जुड़ रहा है। यह मेरी पहली बॉलीवुड फिल्म है, और यह किसी सपने जैसा लगता है। जब उनसे पूछा गया कि सलमान खान और कहानी को ध्यान में रखते हुए इस फिल्म का स्कोर बनाना कैसा रहा, तो उन्होंने जवाब दिया, मैं आमतौर पर स्क्रिप्ट के साथ स्कोर और गानों को जितना हो सके उतना जोड़ने की कोशिश करता हूं। सिकंदर में, मुरुगदोस सर ने सलमान खान के व्यक्तित्व और उनके निभाए किरदार को शानदार तरीके से बुना है।

# बंदिश बैंडिट्स की अभिनेत्री श्रेया चौधरी ने की अपने फिटनेस यात्रा के बारे में खुलकर बात

**बंदिश** बैंडिट्स सीजन 2 रिलीज के बाद से चर्चा में है और शो की लीड अभिनेत्री श्रेया चौधरी पर सभी की नजरें टिकी हैं। श्रेया को उनके अभिनय के लिए खूब सराहना मिल रही है। हाल ही में वह अपनी प्रेरणादायक फिटनेस ट्रांसफॉर्मेशन स्टोरी को लेकर खबरों में रहीं। एक समय था जब श्रेया अपने बढ़ते वजन और आत्म-संदेह से जूझ रही थीं, लेकिन उनकी जिंदगी का टर्निंग पॉइंट तब आया। जब उन्होंने अपने आदर्श ऋतिक रोशन को उनकी फिटनेस यात्रा के बारे में खुलकर बात करते हुए देखा। श्रेया कहती हैं, ₹मैं हमेशा से कमरे में सबसे मोटा बच्चा मानी जाती थी। ऐसा लगता था कि चाहे मैं कुछ भी कर लूं, वजन कम नहीं कर सकती। शायद मुझे मोटिवेशन की कमी थी। फिर मेरी जिंदगी में ऋतिक रोशन आए। एक फैन के रूप में उनकी फिटनेस जर्नी ने मुझे गहराई से प्रेरित किया। उन्होंने अपनी परेशानियों और उन पर काबू पाने की बात खुलकर की और इससे मुझे एक दिन जीतने की प्रेरणा मिली। मैंने भी अपनी फिटनेस पर काम करने का निर्णय लिया। श्रेया ने अपने ट्रांसफॉर्मेशन की कुछ प्रेरणादायक तस्वीरें सोशल मीडिया पर शेयर कीं और इसे कैप्शन दिया, ₹कहानी का समय - मैं अपने हर रूप को प्यार करती हूं। हर एक रूप उस मानसिक स्थिति को दर्शाता है जिससे मैं गुजर रही थी। कोई पछतावा नहीं। कोई पीछे मुड़कर देखना नहीं। मैंने समझदारी और मजबूती हासिल की है।₹शुरूआत में तो यह बस सेहत के लिए था। मैं कई परेशानियों से गुजर रही थी और मुझे लगातार फिट और एक्टिव रहने की सलाह दी जाती थी। फिर मैंने ऋतिक रोशन के विचार पढ़े कि कैसे उन्होंने खुद को फिट रखा और उतार-चढ़ाव संभाले। वह मेरे बचपन के क्रश हैं और मुझे लगता है कि मेरी फिटनेस जर्नी के लिए मैं उन्हें श्रेय देती हूं। उन्होंने आगे कहा, ₹यही वह समय था जब मैंने बॉक्सिंग शुरू की। यह सिर्फ वर्कआउट नहीं, बल्कि थेरेपी बन गया। शुरू में मैं झिझकी थी लेकिन जैसे ही मैंने पहली बार ग्लव्स पहने, मुझे इस खेल से प्यार हो गया। मैंने महसूस किया कि सबसे बड़ी लड़ाई हमेशा अपने भीतर ही होती है। यह एक ऐसा सबक था जो मुझे मेरे नए और मजबूत संस्करण तक ले गया।₹ श्रेया चौधरी जल्द ही बोमन ईरानी की बहुप्रतीक्षित डायरेक्टोरियल डेब्यू द मेहता बॉयज में अविनाश तिवारी के साथ नजर आएंगी।

**ऋतिकरोशन को उनकी फिटनेस यात्रा के बारे में खुलकर बात करते हुए देखा।**






## फिल्म 'लवयापा' का टाइटल ट्रैक रिलीज

फिल्म 'लवयापा' ने अपनी घोषणा के बाद से ही लोगों में काफी एक्साइटमेंट बढ़ा दी है। यह फिल्म जुनैद खान और खुशी कपूर की पहली थिएटर रिलीज है। यह पहली बार है कि जब जुनैद रोमांटिक कॉमेडी में नजर आएंगे। फैंस इस नई जोड़ी की केमिस्ट्री देखने के लिए काफी एक्साइटेड हैं। 'लवयापा' एक हल्की-फुल्की और मजेदार कहानी के साथ दर्शकों को कुछ नया दिखाने की कोशिश है। ऐसे में, अब मेकर्स ने फिल्म का टाइटल ट्रैक रिलीज कर दिया है, जो इस साल का लव एंथम बन सकता है।

टाइटल ट्रैक पूरी तरह से एनर्जी से भरपूर है, जिसमें जोश भरे बीट्स और ऐसे लिरिक्स हैं, जो युवाओं को खूब पसंद आ सकते हैं। गाने का कनेक्ट करने वाला अंदाज फिल्म की बड़ी अपील की ओर इशारा करता है। इससे साफ है कि 'लवयापा' युवा दर्शकों के बीच हिट साबित होगी और फिल्म की रिलीज को लेकर एक्साइटमेंट और भी बढ़ गई है। प्यार के हर रंग को सेलिब्रेट करती 'लवयापा' हर उम्र के दर्शकों से जुड़ने का वादा करती है। यह फिल्म 2025 की सबसे रोमांचक सिनेमाई पेशकशों में से एक बनने के लिए तैयार है। 'लवयापा' 7 फरवरी, 2025 को सिनेमाघरों में दस्तक देने को तैयार है। फिल्म की शूटिंग लगभग पूरी हो चुकी है।

## फिल्म 'देवा' के सेट पर शाहिद कपूर ने 'धन ते नान' गाने पर किया डांस



**शाहिद** कपूर की फिल्म 'देवा' 31 जनवरी, 2025 को रिलीज होने वाली है। शाहिद के फैंस इस फिल्म को लेकर काफी उत्साहित है। शाहिद इस फिल्म का प्रचार-प्रसार कर रहे हैं। 'कमीने' का गाना 'धन ते नान' वैसे भी एक आइकॉनिक ट्रैक है और शाहिद को इस पर डांस करते देखना उनके प्रशंसकों के लिए किसी ट्रीट से कम नहीं है। सोशल मीडिया पर वायरल इस वीडियो ने फिल्म के प्रति उत्सुकता को और भी बढ़ा दिया है। शाहिद की एनर्जी और परफॉर्मेंस हमेशा से उनकी सबसे बड़ी ताकत रही है और 'देवा' में भी वह कुछ नया और दमदार लेकर आ रहे हैं। शाहिद कपूर का यह वीडियो फैंस के लिए वाकई एक बड़ा सरप्राइज है। सफेद शर्ट, खाकी पैंट और हाथ में बंदूक के साथ उनका पुलिस वाला अवतार काफी प्रभावशाली लग रहा है। सेट पर 'धन ते नान' पर उनके डांस ने ना केवल 'कमीने' की यादें ताजा कर दीं, बल्कि 'देवा' को लेकर उत्सुकता को भी नई ऊंचाइयों पर पहुंचा दिया है। पूजा हेगड़े के साथ शाहिद की जोड़ी देखना दिलचस्प होगा, क्योंकि दोनों ही बेहद टैलेंटेड और चार्मिंग कलाकार हैं। इसके अलावा, निर्देशक रोशन एंड्रयूज के निर्देशन में यह फिल्म एक अनोखा अनुभव देने का वादा करती है। फिल्म का प्लॉट और शाहिद के किरदार को लेकर अभी ज्यादा खुलासा नहीं हुआ है, लेकिन उनकी पुलिस की वर्दी और यह दमदार वीडियो यह संकेत देते हैं कि यह फिल्म एक्शन और इमोशन का सही मिश्रण हो सकती है।



## न्यू ईयर परफॉर्मेंस के लिए उर्वशी रौतेला को मिली मोटी फीस

नया साल 2025 कई लोगों के लिए खास है। सभी ने इस नए साल का स्वागत बड़े ही हर्ष और उल्लास के साथ किया। आम जनता के साथ-साथ कलाकारों ने भी अपने-अपने तरीके से नए साल का जश्न मनाया। एक्ट्रेस उर्वशी रौतेला के लिए नया साल रिकॉर्ड तोड़ने वाला साबित हुआ। बॉलीवुड एक्ट्रेस उर्वशी रौतेला अक्सर किसी न किसी वजह से चर्चा में रहती हैं। उर्वशी रौतेला अपने बेहतरीन डांसिंग स्टाइल और एक्टिंग के लिए मशहूर हैं। सोशल मीडिया पर भी उनकी तगड़ी फैन फॉलोइंग है, लेकिन उर्वशी इस समय अपनी एक स्टेज परफॉर्मेंस के कारण सुर्खियों में हैं। नए साल के पहले ही दिन न्यू ईयर कॉन्सर्ट में स्टेज परफॉर्मेंस के लिए एक्ट्रेस को मोटी फीस मिली। इस कॉन्सर्ट में उन्होंने 'स्त्री-2' के गाने 'आज की रात' पर शानदार डांस किया। उनके स्टेज परफॉर्मेंस का वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इस वीडियो में उर्वशी लाल रंग की ड्रेस में स्टेज पर डांस करती नजर आ रही हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक बताया जाता है कि इस गाने के लिए उर्वशी ने 7 करोड़ रुपये मेहनताना लिया है। इस स्टेज परफॉर्मेंस के लिए एक्ट्रेस ने स्त्री-2 के एक गाने के लिए तमन्ना भाटिया ली गई फीस से भी ज्यादा फीस ली है। हालांकि, इस आइटम सॉन्ग के लिए तमन्ना भाटिया ने 1 करोड़ रुपये की फीस ली थी। लेकिन, अब एक परफॉर्मिंग आर्टिस्ट के तौर पर सबसे ज्यादा फीस लेने वाली एक्ट्रेस के तौर पर उर्वशी रौतेला का नाम चर्चा में है। उर्वशी रौतेला के वर्कफ्रंट की बात करें तो वह जल्द ही नंदामुरी बालकृष्ण की एनबीके 109 में बॉबी देओल के साथ नजर आएंगी। वहीं फिल्म कसूर में आफताब और जस्सी गिल भी नजर आने वाले हैं।

# सिडनी टेस्ट से इसलिए हट गया क्योंकि मेरे बल्ले से रन नहीं निकल रहे थे : रोहित शर्मा

**एजेंसी**

**सिडनी :** भारत के मौजूदा कप्तान रोहित शर्मा ने महत्वपूर्ण सिडनी टेस्ट से अपने बाहर होने को लेकर कहा कि उन्होंने कोच और चयनकर्ता से बात करने के बाद यह फैसला किया। रोहित ने सिडनी क्रिकेट ग्राउंड पर दूसरे दिन लंच ब्रेक के दौरान प्रसारणकताओं से कहा, ₹कोच और चयनकर्ता के साथ मेरी बातचीत बहुत साधारण थी - मेरे बल्ले से रन नहीं आ रहे थे, फॉर्म में नहीं हूं और यह एक महत्वपूर्ण मैच है इसलिए हमें फॉर्म में चल रहे खिलाड़ियों की जरूरत है। आप टीम में कई खराब फॉर्म वाले खिलाड़ियों को नहीं रख सकते। उन्होंने कहा, ₹यह सरल पहलू मेरे दिमाग में चल रहा था। इसलिए मुझे लगा कि मुझे कोच और चयनकर्ता को यह बताना चाहिए... कि मैं इस तरह से सोच रहा हूँ। उन्होंने मेरे फैसले का समर्थन किया। उन्होंने कहा कि आप इतने सालों से खेल रहे हैं, आप जानते हैं कि क्या करना है और क्या नहीं करना है। मेरे लिए यह एक कठिन निर्णय था, लेकिन यह एक समझदारी भरा निर्णय भी था। मैं बहुत आगे के बारे में नहीं सोचना चाहता था। अभी इस समय केवल यही सोचना था कि टीम को क्या चाहिए। भारत मेलबर्न में मनोबल तोड़ने वाली हार के बाद सिडनी पहुंचा, जहां उसने मैच ड्रा करने और अंतिम मैच में बराबरी पर रहने का मौका गंवा दिया। भारत ने अपने आखिरी सात विकेट 34 रन पर गंवा दिए और अंतिम सत्र में ढेर हो गया और मेजबान टीम को 2-1 से सीरीज में बढ़त दिला दी। रोहित, जिन्होंने शीर्ष क्रम में वापसी करने का फैसला किया, लगातार असफल रहे और उन्होंने 3 और 9 रन बनाए। उन्होंने सीरीज की कुल पांच पारियों में केवल 31 रन बनाए। रोहित ने कहा, ₹यह फैसला मैंने यहां पहुंचने के बाद लिया क्योंकि खेल खत्म होने के बाद हमारे पास बीच में केवल तीन दिन थे। उसमें भी एक दिन नया साल था। मैं नए साल पर कोच और चयनकताओं को इस फैसले के बारे में नहीं बताना चाहता था। लेकिन मेरे दिमाग में यह चल रहा था कि मैं बहुत कोशिश कर रहा हूं लेकिन यह मेरे लिए नहीं हो रहा है। इसलिए मुझे यह स्वीकार करना पड़ा कि यह नहीं हो रहा है और मेरे लिए इससे अलग होना महत्वपूर्ण था। रोहित के लिए यह कठिन फैसला काफी आत्म-जागरूकता के साथ आया, लेकिन उन्होंने यह स्पष्ट कर दिया कि वह अभी भी खेल से बाहर नहीं हुए हैं। उन्होंने कहा, ₹यह निर्णय संन्यास का निर्णय नहीं है। न ही मैं खेल से अलग होने जा रहा हूँ। मैं इस टेस्ट से बाहर हो गया क्योंकि बल्ला अच्छा प्रदर्शन नहीं कर रहा था... इस बात की कोई गारंटी नहीं है कि मैं दो या पाँच महीने बाद रन नहीं बना पाऊँगा। हमने क्रिकेट में यह अक्सर देखा है कि हर मिनट, हर सेकंड, हर रोज ज़िंदगी बदलती है। इसलिए मुझे खुद पर भरोसा है कि चीजें बदलेंगी। साथ ही, मुझे यथार्थवादी भी होना होगा। उन्होंने कहा, आप जानते हैं, अगर कोई माइक, लैपटॉप या पेन लेकर आता है... तो वे जो कहते हैं, उससे हमारी ज़िंदगी नहीं बदलती। हम इतने लंबे समय से यह खेल खेल रहे हैं। ये लोग तय नहीं कर सकते कि हमें कब खेलना चाहिए, कब नहीं, कब हमें बाहर बैठना चाहिए या कब मुझे कप्तानी करनी चाहिए। मैं समझदार हूँ, परिपक्व हूँ, दो बच्चों का पिता हूँ... इसलिए मुझे इस बात का थोड़ा अंदाजा है कि मुझे ज़िंदगी में क्या चाहिए। अपने फैसले के बारे में आगे बताते हुए रोहित ने बताया कि यह कितना मुश्किल था, लेकिन टीम की भलाई के लिए उन्हें यह फैसला लेना पड़ा। उन्होंने कहा, ₹यह बहुत-बहुत मुश्किल है। मैं इतनी दूर से आया हूँ। क्या मैं बाहर बैठने आया हूँ? मैं अपनी टीम के लिए खेलना और जीतना चाहता हूँ। 2007 में जब मैं पहली बार ड्रेसिंग रूम में आया था, तब से यही चल रहा है... मुझे अपनी टीम के लिए खेल जीतना है। कभी-कभी आपको यह समझने की जरूरत होती है कि टीम को क्या चाहिए। अगर आप टीम को आगे नहीं रखते हैं, तो इसका कोई फायदा नहीं है। आप अपने लिए खेलते हैं, रन बनाते हैं और मौज-मस्ती करते हैं... इसका क्या फायदा? अगर आप टीम के बारे में नहीं सोचते, तो आपको उस तरह के खिलाड़ी नहीं चाहिए। हम इसे टीम क्यों कहते हैं? क्योंकि इसमें 11 खिलाड़ी खेलते हैं, एक या दो खिलाड़ी नहीं। टीम के लिए जो जरूरी है, उसे करने की कोशिश करें।



# फरवरी में सभी प्रारूपों की श्रृंखला के लिए आयरलैंड की मेजबानी करेगा जिम्बाब्वे

**एजेंसी**

**बुलावायो :** जिम्बाब्वे फरवरी में आयरलैंड की मेजबानी करेगा, जिसमें सात मैचों का ऑल-फॉर्मेट दौरा शामिल है। यह दौरा 6 से 10 फरवरी तक बुलावायो में एकमात्र टेस्ट मैच के साथ शुरू होगा, उसके बाद हरारे में व्हाइट-बॉल लेग खेला जाएगा। टीमें 14, 16 और 18 फरवरी को तीन वनडे और 22, 23 और 25 फरवरी को इतने ही टी20 मैच खेलेंगी। मूल रूप से, इस श्रृंखला को आईसीसी पुरुष भविष्य के दौरा कार्यक्रम (एफटीपी) में छह व्हाइट-बॉल खेलों के साथ दो टेस्ट के लिए चुना गया था। जिम्बाब्वे क्रिकेट बोर्ड ने शुक्रवार को उक्त घोषणा की। जिम्बाब्वे वर्तमान में अफगानिस्तान के खिलाफ अपने बहु-प्रारूप घरेलू श्रृंखला के अंतिम चरण में है, जहां उन्होंने क्रमशः टी20आई और वनडे सीरीज 2-1 और 2-0 से गंवा दी और उच्च स्कोरिंग, बारिश से प्रभावित पहले टेस्ट में ड्रॉ हासिल किया। यह दौरा 6 जनवरी को चल रहे दूसरे टेस्ट के साथ समाप्त होगा।



जिम्बाब्वे क्रिकेट के प्रबंध निदेशक गिवमोर मकोनी ने बैक-टू-बैक पूर्ण दौरों की मेजबानी के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने कहा, ₹हम आयरलैंड का स्वागत करते हुए बहुत खुश हैं, जो एक रोमांचक और प्रतिस्पर्धी दौरा होने का वादा करता है। जल्दी-जल्दी दो पूर्ण दौरों की मेजबानी करना हमारे खिलाड़ियों को नियमित अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट प्रदान करने की हमारी प्रतिबद्धता और जिम्बाब्वे में खेल को बढ़ाने के हमारे प्रयासों का प्रमाण है। जिम्बाब्वे और आयरलैंड ने एक दूसरे के खिलाफ एकमात्र टेस्ट मैच जुलाई 2024 में बेलफास्ट में खेला है। मेजबान आयरलैंड ने मैच चार विकेट से जीता था। जिम्बाब्वे ने आखिरी बार 2023 के अंत में छह सफेद गेंद वाले मुकाबलों के लिए आयरलैंड की मेजबानी की थी। वे टी20 श्रृंखला 2-1 और वनडे 2-0 से हार गए थे।

## बार्सिलोना के कोच फ्लिक ने ओल्मो और पॉ विक्टर के टीम में शामिल नहीं होने से जताई नाराजगी

**एजेंसी**

**मैड्रिड :** एफसी बार्सिलोना के कोच हांसी फ्लिक ने स्वीकार किया कि वह उस स्थिति से ₹खुश नहीं₹ हैं, जिसके कारण क्लब सीजन के दूसरे भाग के लिए स्पेन के अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी डेनी ओल्मो और फॉरवर्ड पॉ विक्टर को पहली टीम में शामिल नहीं कर पाया है। नए साल की पूर्वसंध्या से पहले वित्तीय निष्पक्ष खेल आवश्यकताओं को पूरा करने में बार्सिलोना की असमर्थता का मतलब था कि दोनों खिलाड़ियों को बार्का की पहली टीम के दल से हटा दिया गया था, नियमों के अनुसार एक खिलाड़ी को एक ही क्लब के साथ एक सत्र में दो बार पंजीकृत नहीं किया जा सकता है।

इसका प्रभावी रूप से मतलब है कि ओल्मो एक मुफ्त हस्तांतरण पर क्लब से दूर जा सकते हैं, और हालांकि खिलाड़ी के एजेंट ने शुक्रवार को जोर देकर कहा कि उनका क्लब छोड़ने का कोई इरादा नहीं है, जब तक कि स्पेनिश फुटबॉल महासंघ के लिए अपील सफल नहीं होती है। शनिवार को कोपा डेल रे के तीसरे दौर के मुकाबले से पहले निचली लीग बारबास्ट्रो के खिलाफ होने वाले मैच से पहले कोच ने कहा, ₹ईमानदारी से कहूँ तो मैं इस स्थिति से खुश नहीं हूँ, लेकिन हालात ऐसे ही हैं और हम पेशेवर हैं। मैं फुटबॉल पर ध्यान केंद्रित करता हूँ, हमें कोच बनना है और खिलाड़ियों को प्रशिक्षित करना है - सभी को अपना काम करना है। उन्होंने कहा कि वे क्लब के अध्यक्ष जोआन लापोर्टा के साथ लगातार संपर्क में हैं। उन्होंने कहा, ₹मैं आशावादी हूँ, लेकिन अक्सर आपको निर्णय होने तक इंतजार करना पड़ता है। मुझे पूरा भरोसा है कि क्लब अपना काम करेगा।₹

फ्लिक ने प्रेस को बताया कि उन्होंने ओल्मो और विक्टर से भी बात की है, उन्होंने कहा, यह आसान स्थिति नहीं है, लेकिन वे दोनों बार्सा के लिए खेलना चाहते हैं और वे हमारे लिए बहुत महत्वपूर्ण हैं।



# महाकुंभ : विकल्प के तौर पर तैयार हो रहा है 426 मीटर लंबा स्टील ब्रिज

## तय सीमा में तैयार नहीं हो सका फाफामऊ-प्रयागराज छह लेन पुल



एजेंसी

महाकुंभनगर, 04 जनवरी (हि.स.)। फाफामऊ और प्रयागराज के बीच गंगा नदी पर छह लेन का पुल बनाया जाएगा। यह संगन नगरी के साथ-साथ अन्य जिलों के लोगों के लिए भी राहत भरी खबर है। 26 नवंबर 2020 से गंगा नदी पर 9.9 किलोमीटर लंबे देश के दूसरे सबसे बड़े छह लेन ब्रिज को बनाने का काम शुरू हुआ। केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इसका शिलान्यास किया था। शिलान्यास के समय इसकी कुल लागत 980.77 करोड़ रुपये तय की गई थी। पुल की कुल लंबाई 9.9 किलोमीटर है। जर्मन तकनीक केबल और बॉक्सेस से बनने वाले देश के आधुनिकतम पुलों में से एक इस पुल के निर्माण के लिए 3 साल का लक्ष्य तय किया गया था लेकिन ये तय समय में पूरा नही हो पाया। विकल्प के तौर पर महाकुंभ में आने वाले करोड़ों श्रद्धालुओं के लिए स्टील के पुल का निर्माण अंतिम चरण में है। 426 मीटर लंबा और 16 मीटर चौड़ा ये स्टील ब्रिज गंगा नदी पर बन रहे 6 लेन ब्रिज के समानांतर बन रहा है। इस स्टील ब्रिज को कुंभ मेले के खत्म होते ही समाप्त कर दिया जाएगा।

### बेहतरीन पुलों में से एक होगा पुल

भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण का यह प्रोजेक्ट दुनिया के सबसे बेहतरीन पुलों में से एक होने जा रहा है। सूबे का यह पहला एक्स्ट्रा डोज (केबल व बॉक्स) तकनीकी पर बनने वाला पुल है। इस पुल के लिये सरकार ने 1948.25 करोड़ रुपये मंजूर किए हैं। इस पुल की खासियत इसकी लंबाई भी है। 9.9 किलोमीटर में लगभग 3.84 किलोमीटर मुख्य ब्रिज होगा शेष पुल का अप्रोच सेक्शन होगा।

### तय समय सीमा में नहीं बन पाया पुल

ऐसा प्रपोजल था कि फरवरी 2024 तक पुल निर्माण पूरा हो जाएगा। लेकिन, ऐसा नहीं हुआ। फिर इसकी डेट–जून 2024, जुलाई 2024, अगस्त 2024 दी गई। लेकिन काम की प्रोसेसिंग को देखते हुए कंस्ट्रक्शन कंपनी ने अपने हाथ खड़े कर लिए, कहा– कुंभ से पहले हम इस ब्रिज को नहीं बना पाएंगे। अब, सरकार और स्थानीय प्रशासन के सामने समस्या खड़ी हुई कि अगर भीड़ को कुंभ के पुराने रास्ते से गुजारा गया तो कैसे मैनेज किया जा सकेगा ।

**जर्मन टेक्नोलॉजी से बन रहा पुल**

फाफामऊ और प्रयागराज के बीच गंगा नदी पर छह लेन का पुल मलाका से शहर के त्रिपाठी चौराहे तक बनाया जा रहा है। इसमें करीब 4 किमी का पुल गंगा नदी पर बनना था। ये पुल एन-19 भदरी गांव (मलाका) से शुरू होकर गंगा नदी पार कर शहर के त्रिपाठी चौराहा तक बन रहा है। गंगा पर बनने वाला 9.9 किलोमीटर लंबा यह इकलौता पुल होगा, जिसे अत्याधुनिक तकनीकी से बनाया जा रहा है। मलाक हरहर से निकलकर यह पुल स्टेनली रोड पर जाकर समाप्त होगा। जर्मन टेक्नोलॉजी से बन रहा सिक्स लेन पुल इस पुल को केबल और बॉक्स के जरिए, जर्मन टेक्नोलॉजी से बनाया जा रहा है। करीब 3840 मीटर का हिस्सा गंगा नदी और कछार एरिया पर बनना है। इसके लिए 67 पिलर तैयार किए गए। पुल के ऊपर ही रेस्टोरेंट बनाने की भी प्लानिंग है।

**महाकुंभ के लिए जरूरी था पुल**

महाकुंभ-2025 के लिए यह पुल बहुत जरूरी था। वजह थी गंगा नदी पर बने 50 साल पुराने पुल का जर्जर होना। दूसरा यह कि एक रास्ते से करोड़ों श्रद्धालुओं का संगम तक पहुंचना भी आसान नहीं है। इस पुल को फरवरी 2024 में बनकर तैयार हो जाना चाहिए था लेकिन जब ये पता चला कुंभ मेले तक ये पुल बनकर तैयार नहीं हो पाएगा तो विकल्प के तौर पर स्टील ब्रिज को बनाने की योजना तैयार की गई। फिलहाल, 426 मीटर लंबे स्टील के ब्रिज के निर्माण का काम अंतिम चरण में है। जिम्मेदार अधिकारियों के मुताबिक एक हफ्ते के अंदर पुल चालू हो जायेगा। हाल ही में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस पुल का निरीक्षण कर इसे जल्द शुरू करने के निर्देश दिए।

**एनएच 96 पर चलने वालों को मिलेगी राहत**

इस पुल से जाम व ट्रैफिक की समया से जूझ रहे एनएच-96 पर चलने वाले लोगों को पुराने फाफामऊ पुल पर जाम से राहत मिल जाएगी। भीड़ व सड़क दुर्घटना से भी निजात मिलेगा। इस पुल का सबसे खास उपयोग प्रयागराज में लगने वाले कुंभ मेला के दौरान होगा जो राष्ट्रीय राजमार्ग-27, राष्ट्रीय राजमार्ग-76 व राष्ट्रीय राजमार्ग-96 के ट्रैफिक को प्रयागराज शहर से आने जाने का बेहतरीन विकल्प देगा। इससे मध्य प्रदेश, लखनऊ व फैजाबाद राजमार्ग के यातायात को संजीवनी मिल जायेगी। भीड़ को नियंत्रित करने व शहर की भीड़ को बाहर निकालने के लिये इस पुल का विशेष तौर पर प्रयोग किया जा सकेगा।

**सिक्स लेन पुल का रूट**

मलाक हरहर से होकर, उपरहार, बेला कछार, फाफामऊ तथा सदर तहसील के मेंहदौरी कछार, असदुल्लापुर, नकौली कछार, बेली कछार, बेली उपरहार गांव से होकर स्टेनली रोड में कमिश्नरी को जाने वाले लाला लाजपत मार्ग चौराहे में जुड़ जाएगा। इन गांवों के लगभग चार सौ किसानों की जमीन पुल निर्माण के लिए अधिगृहित की गई है।

# आआपा विधायक नरेश बाल्यान की जमानत याचिका पर सुनवाई टली




एजेंसी

**नई दिल्ली :** दिल्ली के राऊज एवेन्यू कोर्ट ने मकोका से जुड़े मामले में गिरफ्तार आम आदमी पार्टी के उत्तम नगर से विधायक नरेश बाल्यान की जमानत याचिका पर आज सुनवाई टाल दी। स्पेशल जज कावेरी बावेजा के उपलब्ध नहीं होने की वजह से सुनवाई टली। जमानत याचिका पर अगली सुनवाई अब आठ जनवरी को होगी। आज ही दिल्ली पुलिस ने इस मामले के एक आरोपित रितिक पीटर के खिलाफ मकोका की धारा 3 के तहत लगभग 300 पेज की पहली चार्जशीट दाखिल की। कोर्ट चार्जशीट पर संज्ञान लेने के लिए नौ जनवरी को सुनवाई करेगा। मकोका के मामले में नरेश बाल्यान नौ जनवरी तक की न्यायिक हिरासत में है। चार दिसंबर को वसूली के मामले में बाल्यान को जमानत मिलने के बाद दिल्ली पुलिस ने मकोका के मामले में गिरफ्तार किया था। वसूली के मामले में नरेश को 30 नवंबर की रात में गिरफ्तार किया गया था। इससे पहले भाजपा ने नरेश बाल्यान का एक ऑडिया क्लिप जारी किया था जिसमें गैंगस्टर कपिल सांगवान उर्फ नंदू और बाल्यान के बीच बातचीत थी। इस ऑडियो क्लिप को शेयर करते हुए भाजपा ने बाल्यान पर वसूली का आरोप लगाया था। इसके बाद बाल्यान को दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने पूछताछ के लिए बुलाया और पूछताछ के बाद नरेश को गिरफ्तार कर लिया गया था। दिल्ली पुलिस के मुताबिक नरेश बाल्यान और गैंगस्टर के बीच बातचीत का ये मामला 2023 का है। इसे लेकर 2023 में एफआईआर दर्ज कराई गई थी। कपिल सांगवान एक कुख्यात गैंगस्टर है जो फिलहाल ब्रिटेन में रह रहा है। कपिल सांगवान और नरेश बाल्यान दोनों दिल्ली के नजफगढ़ के रहने वाले हैं। कपिल सांगवान हरियाणा के नफे सिंह हत्याकांड का भी मास्टरमाइंड है। कपिल सांगवान पर बल्लू पहलवान और भाजपा नेता सुरेंद्र मटियाला की हत्या का भी मास्टरमाइंड माना जाता है। नरेश बाल्यान 2015 से उत्तम नगर विधानसभा सीट से विधायक है।

# अर्नब मैत्रा ने एनटीपीसी बंगाईगांव के बिजनेस यूनिट हेड का कार्यभार संभाला

एजेंसी

**कोकराझार :** असम में स्थित एनटीपीसी के 750 मेगावाट के प्रमुख पावर स्टेशन एनटीपीसी बंगाईगांव ने अर्नब मैत्रा को आज से अपना नया बिजनेस यूनिट हेड नियुक्त किया है। इस नियुक्ति से पहले, मैत्रा छत्तीसगढ़ के एनटीपीसी कोरबा में परिचालन और रखरखाव (ओएंडएम) के प्रमुख के रूप में कार्यरत थे, जो 2600 मेगावाट की प्रभावशाली उत्पादन क्षमता वाला स्टेशन है।

मैत्रा ने अखिलेश सिंह का स्थान लिया है, जिन्हें एनटीपीसी के सीजीएम-ओएस (निदेशक-संचालन सचिवालय) के पद पर पुनः नियुक्त किया गया है। 30 से अधिक वर्षों के अनुभव वाले एक अनुभवी पेशेवर मैत्रा ने 1989 में आरईसी, दुगार्पुर से मैकेनिकल इंजीनियरिंग में डिग्री हासिल करने के बाद एनटीपीसी में एक कार्यकारी प्रशिक्षु (ईटी) के रूप में काम करना शुरू किया। अपने पूरे करियर के दौरान, उन्होंने फरक्का, विंध्याचल, दरलीपाली और कोरबा सहित एनटीपीसी के प्रतिष्ठित बिजलीघरों में महत्वपूर्ण विशेषज्ञता हासिल की है, जहां उन्होंने परिचालन दक्षता और उत्कृष्टता सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।




एनटीपीसी में मैत्रा का लंबा कार्यकाल विभिन्न संयंत्रों में संचालन एवं रखरखाव के प्रदर्शन को बेहतर बनाने के प्रति उनके समर्पण के लिए जाना जाता है, जिससे कंपनी की वृद्धि और बिजली क्षेत्र में सफलता में योगदान मिला है। उन्होंने सुरक्षा, बिजली संयंत्र दक्षता, निवारक सतर्कता, कोयला समन्वय, संचालन एवं रखरखाव प्रथाओं, मानव संसाधन, आपदा प्रबंधन, प्राथमिक चिकित्सा, सीपीआर प्रमाणन और नेतृत्व कार्यक्रमों जैसे विविध क्षेत्रों में व्यापक प्रशिक्षण भी लिया है, जो निरंतर सुधार और परिचालन उत्कृष्टता के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को दशार्ता है। एनटीपीसी बंगाईगांव में अपनी नई भूमिका में मैत्रा संयंत्र की सभी गतिविधियों की देखरेख करेंगे, जिसकी उत्पादन क्षमता 750 मेगावाट (3७250 मेगावाट) है। उनके नेतृत्व में, एनटीपीसी बंगाईगांव अपनी परिचालन क्षमताओं को और बढ़ाने और सुरक्षा, दक्षता और स्थिरता के उच्चतम मानकों को बनाए रखने के लिए तैयार है, जबकि आस-पास के समुदायों की जरूरतों को पूरा करना जारी रखता है।

एनटीपीसी बंगाईगांव मैत्रा के नेतृत्व में निरंतर सफलता के भविष्य की आशा करता है, जिससे विद्युत उत्पादन परिदृश्य में संयंत्र का योगदान सुनिश्चित होगा तथा कंपनी के विकास और उत्कृष्टता के दृष्टिकोण के साथ इसका संरेखण होगा।

# घने कोहरे के कारण श्रीनगर हवाई अड्डे पर उड़ान संचालन प्रभावित



**श्रीनगर :** कश्मीर घाटी के कुछ हिस्सों में घने कोहरे के कारण शनिवार को श्रीनगर हवाई अड्डे पर उड़ान संचालन प्रभावित हुआ है। इसी बीच सुबह श्रीनगर समेत कश्मीर में कोहरे की मोटी चादर छाई है। अधिकारियों ने बताया कि कोहरे के कारण खराब दृश्यता के चलते हवाई अड्डे पर परिचालन प्रभावित हुआ और सुबह की सभी उड़ानें विलंबित हुईं। उन्होंने बताया कि श्रीनगर हवाई अड्डे पर खराब दृश्यता के कारण अब तक कोई उड़ान संचालन नहीं हुआ है। सभी एयरलाइनों ने दृश्यता में सुधार होने तक अपने सुबह के संचालन को पुनर्निर्धारित किया है। श्रीनगर हवाई अड्डे पर कोहरे के कारण उड़ान संचालन प्रभावित होने का यह लगातार दूसरा दिन है। शुक्रवार को सुबह की उड़ानों में देरी हुई जबकि कम दृश्यता के कारण एक उड़ान को डायवर्ट किया गया। दृश्यता में सुधार होने के बाद दोपहर के आसपास परिचालन फिर से शुरू हुआ था।

# हिमाचल प्रदेश में अगले दो दिन भारी बर्फबारी का अलर्ट

एजेंसी

शिमला : हिमाचल प्रदेश में अगले दो दिनों में मौसम का मिजाज और खराब होने की संभावना है। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला ने राज्य के ऊंचाई वाले इलाकों में भारी बर्फबारी और मैदानी क्षेत्रों में बारिश के लिए येलो अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग के पूवार्नुमान के अनुसार पांच और छह जनवरी को मैदानी इलाकों में बारिश और पहाड़ी क्षेत्रों में भारी हिमपात की आशंका जताई है। इस दौरान अंधड़ चलने और बिजली चमकने का भी अलर्ट जारी किया गया है। मौसम विभाग के अनुसार शिमला, कुफरी, नारकंडा, मनाली, डलहौजी, मैक्लोडगंज और कसोल जैसे हिल्स स्टेशनों पर बर्फबारी की संभावना है। इन इलाकों में बर्फबारी के कारण शीतलहर तेज हो सकती है। सात जनवरी तक राज्य भर में मौसम खराब रहेगा, लेकिन आठ जनवरी से 10 जनवरी तक मौसम साफ रहने की उम्मीद जताई गई है। आगामी दो दिन बारिश और बर्फबारी के चलते तापमान में भारी गिरावट हो सकती है। हालांकि पिछले दो-तीन दिनों में राज्य के अधिकांश हिस्सों में अधिकतम और न्यूनतम तापमान में वृद्धि दर्ज की गई है। खासतौर पर शिमला में न्यूनतम तापमान में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। इससे ठंड का प्रकोप कुछ हद तक कम हुआ है। शनिवार को शिमला का न्यूनतम तापमान 10.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से 7 डिग्री ज्यादा है। राज्य का औसतन न्यूनतम तापमान सामान्य से 3.4 डिग्री अधिक है। मैदानी क्षेत्रों की तुलना में शिमला की रातें अब अपेक्षाकृत गर्म हैं। इसी तरह मनाली के तापमान में भी दो डिग्री का उछाल आया है। मनाली में न्यूनतम तापमान 5.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। जनजातीय इलाकों में ठंड का प्रकोप अब भी जारी है। ताबो में न्यूनतम तापमान -8.4 डिग्री, समधो में -4.5 डिग्री, केलांग में -2.3 डिग्री, कुकुमसेरी में -1.9 डिग्री और कल्पा में 0.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। इन इलाकों में ठंड के कारण सामान्य जनजीवन प्रभावित है। राज्य के अधिकांश हिस्सों में शनिवार को बादल छाए हुए हैं। मैदानी इलाकों ऊना, हमीरपुर, मंडी और कांगड़ा में कहीं-कहीं घना कोहरा देखने को मिला। शिमला और मनाली जैसे इलाकों में बादलों के बीच हल्की धूप खिली। वहीं जनजातीय जिलों लाहौल-स्पीति और किन्नौर में बादलों का डेरा है। मौसम विभाग की जारी चेतावनी में राज्य के खूबसूरत पहाड़ी स्थलों में घूमने का प्लान बना रहे पर्यटकों को सतर्क रहने की जरूरत है। बर्फबारी के दौरान सड़कों पर फिसलन की संभावना को देखते हुए पर्यटकों को यात्रा से पहले सड़क मार्ग की जानकारी प्राप्त करने और सुरक्षित यात्रा करने की सलाह दी गई है। अगले दो दिन बर्फबारी होने से पहाड़ी इलाकों में परिवहन, बिजली और पेयजल आपूर्ति पर भी असर पड़ सकता है।



## न्यूज IN ब्रीफ

### एमपीएस में भारतीय मुद्रा प्रणाली पर कार्यशाला का आयोजन

**अररिया :** भारतीय रिजर्व बैंक के 90 साल पूरे होने के मौके पर फारबिसगंज के भद्रेश्वर स्थित मिथिला पब्लिक स्कूल मे भारतीय रिजर्व बैंक की ओर से शनिवार को भारतीय मुद्रा प्रणाली पर कार्यशाला का आयोजन किया गया।कार्यशाला मे वर्ग दसवीं, ग्यारहवीं एवं बारहवीं के छात्र छात्राओं ने भाग लिया। कार्यक्रम मे भारतीय रिजर्व बैंक पटना से अन्नु कुमार रवी एवं अजय कुमार पटेल तथा बैंक ऑफ बडौदा से अमृत कुमार वैद एवं धीरेन्द्र यादव मौजूद थे। विद्यालय के निदेशक विपुल मिश्रा एवं प्राचार्या पुतुल मिश्रा ने आए हुए पदाधिकारियों का स्वागत किया।अपने स्वागत सम्बोधन मे प्राचार्या ने कार्यशाला के महत्व के बारे मे बच्चों को समझाया।आए हुए पदाधिकारियों ने रुपैया के सुरक्षा मापदंड, छपाई असली एवं नकली नोट का पहचान, खराब नोट की वापसी आदि सभी विषयो पर बच्चों को अवगत कराया।बच्चो ने भी अपने प्रश्न को पूछकर मुद्रा के विषय मे जानकारी प्राप्त किया।

### पूर्व केंद्रीय मंत्री तस्लीमुद्दीन की जयंती पर दी गई श्रद्धांजलि

**अररिया :** पूर्व केंद्रीय गृह राज्य मंत्री एवं सीमांचल गांधी के नाम से मशहूर मरहूम तस्लीमुद्दीन की जयंती पर राजद नेताओं और उनके समर्थकों ने उन्हें याद किया और पुष्प अर्पण और माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी।पूर्व लिख अभियोजक एवं मरहूम तस्लीमुद्दीन के अति करीबी रहे कृत्यानंद विश्वास के शिवपुरी स्थित आवास पर शनिवार को श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया,जिसमे बड़ी संख्या में राजद के नेता और कार्यकताओं ने उनकी तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी।पूर्व लोक अभियोजक एवं वरीय अधिवक्ता के.एन.विश्वास की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में मौजूद लोगों ने उनके व्यक्तित्व और कृतित्व पर चर्चा की और सीमांचल के विकास में किए गए उनके उल्लेखनीय योगदानों को याद किया। श्रद्धांजलि कार्यक्रम में राजद के वरिष्ठ नेता पोलो झा,जिला प्रवक्ता जगदीश झा गुड्डू,राजद अति पिछड़ा प्रकोष्ठ के प्रदेश उपाध्यक्ष अविनाश आनंद, रमेश कुमार,विजेंद्र कुमार,शुभम कुमार,कुमार मंगलम,मृत्युंजय देव,गरीबनाथ महतो सहित अन्य लोगों ने उनकी जीवनी पर प्रकाश डाला। वक्ताओं ने जोगबनी कटिहार बड़ी रेल लाइन आमान परिवर्तन के साथ दिल्ली आनंद विहार के लिए चली सीमांचल एक्सप्रेस और कोलकाता के लिए चली चितपुर एक्सप्रेस ट्रेन सहित स्वर्णिम चतुर्भुज योजना के तहत ईस्ट वेस्ट कॉरिडोर में गुजरात के पोरबंदर से असंतक सिलचर तक गुजरे फोरलेन सड़क को अररिया,पूर्णिया से किशनगंज होकर गुजारने के अथक प्रयास जैसे योगदानों को याद किया।

### सीआरआई पंप्स ने हासिल की एक बड़ी उपलब्धि: एमएसईडीसीएल, मुंबई, महाराष्ट्र से 25,000 सोलर पंपिंग सिस्टम के लिए 754 करोड़ रुपयों का ऑर्डर प्राप्त किया

**रांची/मेट्रो रेज :** सीआरआई पंप्स ने अपनी प्रतिबद्धता को स्थिरता और अक्षय ऊर्जा समाधान की दिशा में एक और महत्वपूर्ण मुकाम पर पहुंचाते हुए बड़ी उपलब्धि हासिल की है। कंपनी को आधिकारिक तौर पर महाराष्ट्र राज्य विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड (MSEDCL), मुंबई, महाराष्ट्र द्वारा 25,000 सोलर पंपिंग सिस्टम की आपूर्ति के लिए शामिल किया गया है। इस ऑर्डर का मूल्य 754 करोड़ रुपये है और यह ह्लमागेल त्याला सौर कृषी पंप (MTSKP) योजना का हिस्सा है।इस नियुक्ति के साथ, सीआरआई पंप्स अक्षय ऊर्जा समाधानों को अपनाने को बढ़ावा देने, महाराष्ट्र के कृषि परिदृश्य को सशक्त बनाने और एक हरित एवं अधिक स्थायी भविष्य में योगदान देने के लिए एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए तैयार है। इस महत्वपूर्ण उपलब्धि पर टिप्पणी करते हुए, सीआरआई ग्रुप के चेयरमैन जी. सौंदरराजन ने कहा, हमारे लिए यह सम्मान की बात है कि एमएसईडीसीएल ने इन सोलर पंपिंग सिस्टम की आपूर्ति के लिए हमें चुना है। यह बड़ा ऑर्डर नवाचार और ऊर्जा-कुशल, टिकाऊ पंपिंग समाधानों के विकास में सीआरआई की अटूट प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है। हमारी मजबूत निष्पादन क्षमताओं, गहन उद्योग विशेषज्ञता और क्षेत्रीय नेटवर्क के साथ, सीआरआई पंप्स इन सिस्टम्स की निर्बाध डिलीवरी और इंस्टॉलेशन सुनिश्चित करता है। जब विश्व अक्षय ऊर्जा की ओर तेजी से बढ़ रहा है, सीआरआई पंप्स पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने और आने वाली पीढ़ियों के लिए एक स्थायी भविष्य सुनिश्चित करने वाले सौर पंपिंग सिस्टम प्रदान करने के प्रति पूरी तरह समर्पित है।

### एचडीएफसी इर्गो ने रबी सीजन में झारखंड के किसानों के लिए बिरसा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना लागू की

**रांची/मेट्रो रेज :** भारत में निजी क्षेत्र की अग्रणी जनरल इंश्योरेंस कंपनी, एचडीएफसी इर्गो जनरल इंश्योरेंस कंपनी को झारखंड सरकार ने रबी 2024 सीजन के लिए पूर्वी सिंहभूम, गढ़वा, कोडरमा, लोहरदगा, पलामू, रामगढ़, साहेबगंज और पश्चिमी सिंहभूम जिलों में ऋणी और गैर-ऋणी किसानों के लिए बिरसा प्रधान मंत्री फसल बीमा योजना (बी-पीएमएफबीवाई) लागू करने के लिए अधिकृत किया है।बी-पीएमएफबीवाई योजना में किसानों को सूखा, बाढ़, अकाल, लैंडस्लाइड, चक्रवात, तूफान, तूफानी बारिश, सैलाब, कीटों, बीमारियों और अन्य बाहरी खतरों के कारण फसल को होने वाले नुकसान से बीमा की सुरक्षा मिलती है। फसल के नुकसान का आकलन करने के लिए, राज्य सरकार इस योजना के लिए अधिसूचित क्षेत्रों में अधिसूचित फसलों पर फसल कटाई प्रयोग (सीसीई) की योजना बनाकर संचालन करेगी। यदि संचालित किए गए सीसीई में पैदावार के आँकड़े कम पाए जाते हैं, तो माना जाएगा कि फसल का नुकसान हुआ है, और इस नुकसान के लिए किसान को क्लेम दिया जाएगा।इस योजना में फसल चक्र के हर चरण के लिए बीमा कवरेज मिलेगा, जिसमें बुआई से पहले, कटाई और कटाई के बाद के जोखिम शामिल हैं। बी-पीएमएफबीवाई योजना के अंतर्गत आने वाले सभी उत्पाद झारखंड सरकार के कृषि विभाग से स्वीकृत हैं। पूर्वी सिंहभूम, गढ़वा, कोडरमा, लोहरदगा, पलामू, रामगढ़, साहेबगंज और पश्चिमी सिंहभूम जिलों के किसान अपने जिले में स्थित बैंक, कॉमन सर्विस सेंटर (सीएससी) या फिर अधिकृत एचडीएफसी इर्गो एजेंट से संपर्क करके ऊपर सूचीबद्ध फसलों के लिए बी-पीएमएफबीवाई योजना के अंतर्गत इंश्योरेंस कवरेज का लाभ पा सकते हैं। इंश्योरेंस कवर प्राप्त करने के लिए वैधता की अवधि का विवरण कृषि विभाग की वेबसाइट पर उपलब्ध है। किसान ऐप पर लॉगऑन करके या वेबसाइट https://pmfby.gov.in/farmerLogin पर इस योजना के अंतर्गत सेल्फ-एनरोलमेंट करके भी किसान इसका लाभ ले सकते हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### आम लोगों को दी जा रही है निशुल्क विधिक सेवा




झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार रांची के द्वारा संचालित 90 दिवसीय विशेष विधिक जागरूकता अभियान के अंतर्गत जिला विधिक सेवा प्राधिकार पश्चिमी सिंहभूम चाईबासा के तत्वाधान में सचिव राजीव कुमार सिंह ने आकाशवाणी चाईबासा के माध्यम से रेडियो वार्ता कार्यक्रम के माध्यम से लोगों को जागरूक किया, उन्होंने जानकारी दी की विधिक सेवा प्राधिकार अधिनियम 1987 की धारा 12 के अनुसार एस टी, एस सी, दिव्यांगजनों, महिलाओं, बालकों, मानव जनित आपदाओं, प्राकृतिक आपदाओं के शिकार व्यक्ति और मानव तस्करी का शिकार आदि व्यक्तियों के लिए निशुल्क विधिक सेवा का प्रावधान है, विधिक जागरूकता और साक्षरता सभी के लिए निशुल्क और सुलभ है, लोगों को इसका लाभ लेना चाहिए, प्राधिकार के द्वारा हर माह लोक अदालत और साथ ही तीन माह के अंतराल में राष्ट्रीय लोक अदालत का भी आयोजन होता है, जिसमें लोग अपने सुलहनीय मामलों को मध्यस्थता के माध्यम से निष्पादित कर सकते हैं, पंचायत स्तर पर स्थापित लीगल एड क्लीनिक के माध्यम से भी आम जनता प्राधिकार से संपर्क कर सकते हैं, अधिकार मित्र यानी पी एल वी भी गांव गांव में जागरूकता अभियान चला रहे हैं, उनके द्वारा भी विधिक सहायता के लिए आवेदन भेजा जा सकता है।

### प्राचीन हनुमान मंदिर में आज से श्रीमद्भागवत कथा का होगा शुभारंभ



**ज्योति पाठक :** चक्रधरपुर का हृदय स्थली माना जाने वाला बाटा रोड़ स्थित श्री सिद्धेश्वर हनुमान मंदिर में आज से भक्तजन और श्रद्धालू 3 बजे से 6 बजे तक आज से प्रारंभ होने वाले श्रीमद्भागवत कथा के रस में डूबे रहेंगे। इस संदर्भ में कथावाचक विश्वनाथ पाठक ने बताया कि श्रीमद्भागवत कथा 4 जनवरी से प्रारंभ होकर 10 जनवरी तक निरंतर जारी रहेगा। इस कथा में ज्यादा से ज्यादा भक्तजन शामिल होगें।

### अधिकारियों ने किया कूप और तालाब निर्माण का निरीक्षण



**गुमला :** गुमला जिला अंतर्गत स्थित चैनपुर प्रखंड के बेंदोरा पंचायत में मनरेगा लोकपाल द्वारा विभिन्न विकास योजनाओं का निरीक्षण किया गया, जिसमें कूप निर्माण, तालाब निर्माण और आम बागवानी शामिल हैं। इस दौरान अधिकारियों को निर्देश दिया गया कि वे सरकार की योजनाओं को गुणवत्ता के साथ लागू करें ताकि किसानों को अधिकतम लाभ मिल सके।सरकारी टीम ने तालाब निर्माण के कार्य का निरीक्षण किया और वहां कार्यरत श्रमिकों से बातचीत करते हुए उनकी समस्याओं को भी जाना। इस पहल का उद्देश्य पलायन को रोकना और बेरोजगारी की समस्या का समाधान करना है। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि यदि योजनाओं में कोई गलती पाई जाती है, तो संबंधित कार्रवाई की जाएगी।इस निरीक्षण में कई प्रमुख अधिकारी शामिल थे, जिनमें एपीओ इरफान आरिफ, लोकपाल शाहनवाज शेख, बेंदोरा पंचायत के मुखिया सुशील दीपक मिंज, स्टेट कोऑर्डिनेटर निहार रंजन महाराणा, सहायक ज्योति कुमारी, जेई सुमित उरांव, एई सुमित खालको, पंचायत सचिव लक्ष्मण खड़िया, जनसेवक विश्वकर्मा मिंज, रोजगार सेवक अनुकंपा टोप्पो और अर्जुन मंडल तथा बीपीओ कांति कुमारी शामिल थे।इस प्रकार की योजनाओं के माध्यम से सरकार ग्रामीण विकास को बढ़ावा देने और स्थानीय लोगों को रोजगार देने के लिए प्रतिबद्ध है। अधिकारियों ने आश्वासन दिया कि वे योजनाओं की गुणवत्ता को बनाए रखने के लिए निरंतर प्रयासरत रहेंगे।

### बाइक नियंत्रित होकर लोहे के डिवाइडर से टकराने पर एक हुई मौत

**गुमला:** गुमला जिला अंतर्गत स्थित घाघरा थाना के घोड़ाटाँगर के समीप बाइक सवार के नियंत्रण खोने से बाइक डिवाइडर से जा टकराई जिससे बाइक सवार लव कुमार यादव की घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गयी। बता दें कि लव कुमार के परिजन बर्तमान में जग बगीचा में रहते है और वह अपने दोस्त के साथ बाइक से अपने घर आरंगी जा रहा था। इसी क्रम में बाइक अनियंत्रित हो लोहे के डिवाइडर से जा टकराया। दोनो को इलाज हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र घाघरा लाया गया जहां चिकित्सकों ने लव को मृत घोषित कर दिया। जबकि साथ रहे युवक को हल्की चोट लगी थी।

### वीएम न्यूज का चित्रकला प्रतियोगिता कल



5 जनवरी रविवार को वीएम न्यूज के द्वारा चक्रधरपुर प्रखंड स्तरीय चित्रकला प्रतियोगिता के राउंड 1 में कुल 51 बच्चन को राउंड 2 के लिए चयनित किया गया है। ग्रुप ए एल केजी से नर्सरी के छात्र एवं छात्रा, ग्रुप बी कक्षा प्रथम एवं द्वितीय की छात्र एवं छात्रा, ग्रुप सी कक्षा तृतीय एवं चतुर्थ के छात्र एवं छात्रा, ग्रुप डी कक्षा पंचम एवं उसके ऊपर के छात्र एवं छात्रा दोनों वर्गों के लिए आयोजित की गई है राउंड टू रविवार 5 जनवरी रोलिंग स्टोन एकेडमी प्रांगण सुबह 9:00 बजे से 11:00 बजे के बीच आयोजित की जाएगी। कला शिक्षक तरुण कुमार एवं रोहित दास के दिशा निर्देशन पर राउंड 2 की प्रतियोगिता संपन्न की जाएगी ।

# पथ निर्माण विभाग, नगर विकास विभाग एवं आवास विभाग के प्रधान सचिव ने सीएम से मुलाकात की



**बिनय मिश्रा**

झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से आज कांके रोड स्थित उनके निवास स्थल पर जाकर पथ निर्माण विभाग एवं नगर विकास विभाग के प्रधान सचिव सुनील कुमार ने मुख्यमंत्री से शिष्टाचार मुलाकात की और नव वर्ष की उन्हें हार्दिक शुभकामना दी ।इस मौके पर मुख्यमंत्री ने भी झारखंड राज्य के विकास के लिए पूर्ण रुपेण बेहतर ढंग से कार्यों को प्रोत्साहित करने के लिए किए जा रहे कार्यों को भी सराहा विदित हो कि 1999 बैच के आईएएस अधिकारी सुनील कुमार झारखंड के कई महत्वपूर्ण विभागों के सचिव रह चुके हैं तथा जनवरी 2024 में इन्हें पदौन्नति देते हुए प्रधान सचिव बनाया गया।

श्री कुमार बोकारो, पश्चिम सिंहभूम और हजारीबाग के लोकप्रिय उपायुक्त भी रह चुके हैं तथा झारखंड के उपलब्धि और बेहतर विकास कार्यों के कारण लोकप्रिय आईएएस अधिकारी के रूप में पहचाने जाते हैं।

## उपायुक्त ने बाल कल्याण समिति के कार्य-कलाप की समीक्षा की



**मेट्रो रेज संवाददाता**

**सिमडेगाः** बाल कल्याण समिति के कार्य-कलाप और मूल्यांकन की समीक्षा एवं अधिसूचित सुरक्षा का स्थान में रिक्त पदों पर चयन हेतु चयन समिति की बैठक का आयोजन किया गया। उपायुक्त ने बाल कल्याण समिति के कार्य-कलाप और मूल्यांकन की समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिये। उन्होंने बाल कल्याण समिति में बच्चों से संबंधित लंबित मामलों का ससमय निष्पादन सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया गया।

अधिसूचित सुरक्षा का स्थान में रिक्त पदों पर चयन हेतु मेधा सूची में चयनित अभ्यर्थियों का पुनः टाइपिंग टेस्ट करते हुए आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया। बैठक में उप विकास आयुक्त संदीप कुमार दोराईबुरु, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी सुरज मुन्नी कुमारी, जिला बाल कल्याण पदाधिकारी श्रीमती सुमित्रा बड़ाईक, सहित अन्य पदाधिकारी गण उपस्थित थे।

# ठंड से राहत के लिए जरूरतमंदों के बीच कंबल वितरण जारी



**मेट्रो रेज संवाददाता**

**गुमला :** गुमला जिला में ठंड के प्रकोप को ध्यान में रखते हुए उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी के निदेर्शानुसार गुमला जिले के सभी प्रखंड कार्यालयों में कंबलों का वितरण सुनिश्चित किया गया है। इसके तहत प्रखंड स्तर पर जरूरतमंद नागरिकों के बीच प्राथमिकता के आधार पर कंबल वितरण किया जा रहा है। यह पहल ठंड से प्रभावित नागरिकों को राहत प्रदान करने और उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से की गई है।

उपायुक्त ने सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों को निर्देश दिया है कि वे अपने-अपने प्रखंडों के ग्रामीण क्षेत्रों, निर्धन बस्तियों और जरूरतमंद समुदायों की पहचान कर पारदर्शी और त्वरित तरीके से कंबल वितरण सुनिश्चित करें। अब तक सैकड़ों की संख्या में कंबल जरूरतमंदों के बीच वितरित किए जा चुके हैं।

प्रखंड स्तर पर कंबल वितरण की प्रमुख गतिविधियां

सीकरी पंचायतः आवराटोली के कोरवा और खूंटी टोली के बिरहोर समुदायों के बीच कंबल वितरण प्रखंड विकास पदाधिकारी जारी ने स्वयं किया।

आदर पंचायतः सलगी ग्राम के आदिम जनजाति परिवारों के टोला पीराहपथल में कंबल वितरण किया गया।

घाघरा प्रखंडः प्रखंड विकास पदाधिकारी ने अपने हाथों से जरूरतमंद नागरिकों के बीच कंबल बांटे।

सिसई प्रखंडः मुर्गू, शिवनाथपुर और पंडरिया पंचायतों में प्रखंड विकास पदाधिकारी ने कंबल वितरित किए।

इसके अलावा नगर परिषद द्वारा नगर परिषद क्षेत्र के रिक्शा चालकों के बीच भी कम्बल का वितरण किया गया।जिले के अन्य प्रखंडों में भी स्थानीय प्रशासन की देखरेख में जरूरतमंद नागरिकों को कंबल वितरित किए जा रहे हैं।

जिला प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि यदि उनके आसपास कोई व्यक्ति ठंड से प्रभावित हो, तो इसकी सूचना तुरंत स्थानीय प्रशासन या जिला नियंत्रण कक्ष को दें, ताकि उसे तुरंत सहायता उपलब्ध कराई जा सके।

# राज्य स्तरीय दल ने मनरेगा योजना का किया निरीक्षण



**मेट्रो रेज संवाददाता**

**सिमडेगाः** राज्य स्तरीय दल द्वारा सिमडेगा जिला अंतर्गत केरसई प्रखंड के बाघड़ेगा पंचायत के पंचायत भवन एवं क्षेत्र भ्रमण कर मनरेगा योजना का निरीक्षण किया गया। पंचायत भवन में मनरेगा योजना अंतर्गत 7 रजिस्टर का सही-सही संधारण करने का निर्देश दिया गया। साथ हीं ग्रामसभा पंचायत भवन के जगह गांव में करने का निर्देश दिया गया। क्षेत्र भ्रमण के दौरान वित्तीय वर्ष 2021-22 से पूर्व के योजना को यथा शीघ्र नियमसंगत तरीके से पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। जिन लाभुकों का पशु शेड पूर्ण कर लिया गया है उसमें पशु रखने का निर्देश दिया गया। बागवानी योजना में समय समय पर दावा, खाद, पानी एवं अन्य कार्यकलाप करने का निर्देश दिया गया। योजनाओं में योजना बोर्ड, पीने का पानी, शेड मेडिकल किट इत्यादि का रखने का निर्देश दिया गया।

प्रखंड विकास पदाधिकारी, मुखिया, प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी, सहायक अभियंता एवं कनीय अभियंता को पंचायत भवन में मनरेगा योजना अंतर्गत 7 रजिस्टर का संधारण प्रति सप्ताह कराने का निर्देश दिया गया। साथ ही क्षेत्र भ्रमण करते हुए मनरेगा योजना का सही तरीके से क्रियान्वयन कराने का निर्देश दिया गया।

लोकपाल मनरेगा को अभिलेखों का सही तरीके से संधारण कराने का निर्देश दिया गया। पंचायत निरीक्षण के क्रम में प्रखंड विकास पदाधिकारी, लोकपाल मनरेगा, परियोजना पदाधिकारी, मुखिया, प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी, सहायक अभियंता, कनीय अभियंता, पंचायत सचिव, ग्राम रोजगार सेवक एवं अन्य उपस्थित थे।

# जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट की प्रबंधकीय समिति की बैठक संपन्न



**मेट्रो रेज संवाददाता**

**गुमला :** गुमला उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी की अध्यक्षता में जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट (डीएमएफटी) की प्रबंधकीय समिति की बैठक उपायुक्त कार्यालय कक्ष में आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न योजनाओं के प्रस्तावों पर विस्तृत चर्चा की गई और उनके क्रियान्वयन के निर्देश दिए गए।

बैठक में बीशुनपुर के अंचल अधिकारी को जीएम लैंड से संबंधित प्रस्ताव और उपयोगिता प्रमाणपत्र (यूसी) प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए। उपायुक्त ने पूर्ण की गई योजनाओं की जानकारी साझा करने के निर्देश देते हुए, ग्राम सभाओं का आयोजन कर ग्रामीणों की सर्वसम्मति से लिखित प्रस्ताव प्राप्त करने का आदेश दिया।

प्रमुख निर्देश और प्रस्तावः

सड़क निर्माणः विभिन्न स्थानों पर सड़क निर्माण के अधिक प्रस्ताव प्राप्त हुए, जिन पर प्राथमिकता से कार्रवाई के निर्देश दिए गए।

चिरोडीह, सेरका, गुरदरी जैसे क्षेत्रों में योजनाएंः इन स्थानों में अधिक योजनाएं स्वीकृत करने की आवश्यकता पर बल दिया गया।

टाना भगत स्कूलः शौचालय निर्माण, चारदीवारी निर्माण, और अन्य आवश्यक सुविधाओं के लिए प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिए गए।

सीसीटीवी कैमराः जिले के विभिन्न खनन क्षेत्रों में कैमरों की स्थापना के लिए टेंडर प्रक्रिया शीघ्र पूरी करने के निर्देश।

एम्बुलेंस व्यवस्थाः बिमरला और हाड़ुप क्षेत्रों में एम्बुलेंस सेवा शुरू करने के निर्देश।

पुल और सड़क निर्माणः पुल और सड़क निर्माण से संबंधित प्रस्तावों को प्राथमिकता देते हुए उनकी योजना तैयार करने का निर्देश।

पीसीसी पथ निर्माण : ग्राम मुखियों द्वारा प्रस्तुत प्रस्तावों की समीक्षा करते हुए, उन्हें सुविधाजनक और टिकाऊ बनाने पर चर्चा।

इसके अतिरिक्त, विभिन्न अन्य विकासात्मक योजनाओं पर भी गहन विचार-विमर्श किया गया। उपायुक्त ने सभी योजनाओं को ग्राम सभा की स्वीकृति के पश्चात प्रस्तावित करने का निर्देश दिया।

उपस्थित अधिकारीः

बैठक में मुख्य रूप से उप विकास आयुक्त दिलेश्वर महतो, खनन पदाधिकारी, डीएसपी गुमला, और अन्य संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। बैठक का मुख्य उद्देश्य योजनाओं को समयबद्ध और प्रभावी ढंग से क्रियान्वित करना था, जिससे जिले के विकास को गति दी जा सके।

## वृद्ध की लाश मिलने से पुरे क्षेत्र फैली सनसनी ठंड से हुई मौत की आशंका

**मेट्रो रेज संवाददाता**

**गुमला :** गुमला जिला अंतर्गत स्थित चैनपुर प्रखंड मुख्यालय के सामुदायिक भवन के समीप नजदीक के खेत में एक वृद्ध की लाश मिलने से पूरे क्षेत्र में हड़कंप मच गया है। स्थानीय निवासियों ने जब सुबह के समय वृद्ध की लाश देखी, तो तुरंत चैनपुर थाना को सूचित किया। घटनास्थल पर पहुंची चैनपुर थाना प्रभारी कुंदन चौधरी, एएसई नंदूकिशोर कुमार सहित चैनपुर थाना के जवान ने उक्त शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु गुमला सदर अस्पताल स्थित पोस्टमार्टम हाउस में भेजवाया गया जहां पोस्टमार्टम के बाद उक्त शव को उसके परिजनों को सौंप दिया गया हैं, और मामले की गंभीरता को देखते पुछताछ और छानबीन शुरू कर दी गई है। प्रारंभिक जांच में यह अनुमान लगाया जा रहा है कि वृद्ध की मौत ठंड लगने के कारण हो सकती है। क्षेत्र में पिछले कुछ दिनों से ठंड में काफी इजाफा हुआ है, जिससे खासतौर पर वृद्ध लोगों को खतरा हो सकता है। चैनपुर पुलिस ने उक्त शव को पोस्टमार्टम के लिए गुमला सदर अस्पताल भेज दिया है ताकि मौत के स्पष्ट कारणों का पता लगाया जा सके।

चैनपुर थाना प्रभारी कुंदन चौधरी ने बताया कि वे मृतक की पहचान करने और उसके परिजनों से संपर्क स्थापित करने के प्रयास में हैं। स्थानीय निवासियों ने भी इस घटना पर चिंता व्यक्त की है और पुलिस ने लोगों से अपील की है कि वे अपने आसपास के वृद्धों का ध्यान रखें।

चैनपुर थाना प्रभारी ने नागरिकों से अनुरोध किया है कि वे किसी भी असामान्य स्थिति की सूचना तुरंत दें। जांच जारी है और पुलिस मामले के सभी पहलुओं पर गौर कर रही है। इस घटना ने न केवल क्षेत्र में चिंता बढ़ा दी है, बल्कि यह ठंड के मौसम में वृद्धों की सुरक्षा के प्रति जागरूकता को भी उजागर किया है।

## उच्च वर्गीय लिपिक के निधन पर शोक, रखा गया दो मिनट का मौन



**मेट्रो रेज संवाददाता**

**लोहरदगा।** जिला आपूर्ति कार्यालय में पदस्थापित उच्च वर्गीय लिपिक तारामनी कुमारी का आकस्मिक निधन हो गया जिसे लेकर आज उपायुक्त कार्यालय, लोहरदगा प्रांगण शोक स्वरूप 2 मिनट का मौन उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण के नेतृत्व में रखा गया। इस मौके पर उप विकास आयुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत समेत जिला के अन्य वरीय पदाधिकारी मौजूद थे। स्वर्गीय तारामनी अपनी सेवा के दौरान कर्त्तव्यनिष्ठ, अनुशासित, मृदुभाषी एवं व्यवहारकुशल कर्मी रहीं।

# मत्स्य पालन में उद्यमिता का विकास करें : उपायुक्त

**मेट्रो रेज संवाददाता**

**सिमडेगाः** कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (मत्स्य प्रभात) के दिशा-निर्देशन पर जिला मत्स्य कार्यालय, सिमडेगा के परिसर में जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें जिले के विभिन्न प्रखण्डों से करीब 200 से अधिक मत्स्य कृषक उपस्थित हुए। कार्यशाला उद्घाटन मुख्य अतिथि उपायुक्त सिमडेगाअजय कुमार सिंह द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस दौरान उप मत्स्य निदेशक, झारखण्ड, राँची के श्री अमरेन्द्र कुमार, जिला कृषि पदाधिकारी श्री मुनेंद्र दास, जिला सहकारिता पदाधिकारी आत्म अभय टोप्पो सहित अन्य पदाधिकारी गण उपस्थित रहे।



कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उपायुक्त द्वारा बताया गया कि सिमडेगा जिला एक कृषि प्रधान जिला है, जहाँ सिर्फ एक धान की फसल होती है, बाकी समय किसानों के पास रोजगार का काई विकल्प नहीं रहता है। जिले में कुल 3000 निजी / सरकारी जलकर है जिनमें मत्स्य पालन किया जा सकता है। साथ जिले में 36 छोटे / बड़े जलाशय है जिनमें मत्स्य पालन की अपार संभावना है। श्री विजय केरकेट्टा, बायोफ्लॉक तालाब के लाभुक द्वारा एक साल में 200000 रू0 की आमदनी प्राप्त की जिसे उपायुक्त महोदय द्वारा काफी प्रसंशनीय कार्य बताया गया तथा इसी तरह से अन्य लोंगों को भी मत्स्य पालन से जुड़ कर उद्यमिता विकास करने का अहवान किया गया। जिस तरह से मिट्टी की नब्ज पहचानने हेतु कृषि विभाग कार्य कर रहा है उसी तरह से प्रत्येक तालाबों की मिट्टी पानी की जाँच कर नब्ज पहचानने होंगे तभी इस जिले को मछली पालन में अग्रणी जिला बना सकते है। इसके लिए प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के द्वारा एक लैब बनाने हेतु मत्स्य कृषकों को आगे आने के लिए प्रेरित किया गया। परंपरागत तरीको को छोड़कर तकनीकी रूप से ज्यादा से ज्यादा लोग को मछली पालन में जोड़ना है तथा चुनौतियों का सामना करते हुए सफलता की ओर बढ़ना है तभी इस कार्यशाला का सार्थकता सिद्ध हो सकती है।

श्री अमरेन्द्र कुमार, उप मत्स्य निदेशक, झारखण्ड, राँची द्वारा किसानों को संबोधित करते हुए बताया गया कि श्रीमती शिल्पी नेहा तिर्की, मंत्री, कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग के दिए गए निदेश के आलोक में सभी जिलों में मत्स्य कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है।